**Series JMS/1**

**SET-1**

कोड नं.
Code No. **4/1/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिन्दी
# HINDI
## (पाठ्यक्रम ब)
## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum marks : 80*

*सामान्य निर्देश:*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं-* ***क, ख, ग और घ।***

*(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना* ***अनिवार्य*** *है।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*

## खंड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

"सफलता चाहने वाले मनुष्य का प्रथम कर्त्तव्य यह देखना है कि उसकी रुचि किन कार्यों की ओर अधिक है। यह बात गलत है कि हर कोई मनुष्य हर एक काम कर सकता है। लॉर्ड वेस्टरफील्ड स्वाभाविक प्रवृत्तियों के काम को अनावश्यक समझते थे और केवल परिश्रम को ही सफलता का आधार मानते थे। इसी सिद्धान्त के अनुसार उन्होंने अपने बेटे स्टेनहाप को, जो सुस्त, ढीलाढाला, असावधान था, सत्पुरुष बनाने का प्रयास किया। वर्षों परिश्रम करने के बाद भी लड़का ज्यों का त्यों रहा और जीवन-भर योग्य न बन सका। स्वाभाविक प्रवृत्तियों को जानना कठिन भी नहीं है, बचपन के कामों को देखकर बताया जा सकता है कि बच्चा किस प्रकार का मनुष्य होगा। प्रायः यह संभावना प्रबल होती है कि छोटी आयु में कविता करने वाला कवि, सेना बनाकर चलने वाला सेनापति, भुट्टे चुराने वाला चोर-डाकू, पुरजे कसने वाला मैकेनिक और विज्ञान में रुचि रखने वाला वैज्ञानिक बनेगा।

जब यह विदित हो जाए कि लड़के की रुचि किस काम की ओर है तब यह करना चाहिए कि उसे उसी विषय में ऊँची शिक्षा दिलाई जाए। ऊँची शिक्षा प्राप्त करके मनुष्य अपने काम-धन्धे में कम परिश्रम से अधिक सफल हो सकता है, जिनके काम-धन्धे का पूर्ण प्रतिबिम्ब बचपन में नहीं दिखता, वे अपवाद ही हैं।

प्रत्येक मनुष्य में एक विशेष कार्य को अच्छी प्रकार करने की शक्ति होती है। वह बड़ी दृढ़ और उत्कृष्ट होती है। वह देर तक नहीं छिपती। उसी के अनुकूल व्यवसाय चुनने से ही सफलता मिलती है। जीवन में यदि आपने सही कार्यक्षेत्र चुन लिया तो समझ लीजिए कि बहुत बड़ा काम कर लिया।

(क) लॉर्ड वेस्टरफील्ड का क्या सिद्धान्त था? समझाइए। (2)

(ख) इसे उसने सर्वप्रथम किस पर आजमाया? और क्या परिणाम रहा? (2)

(ग) बालक आगे चलकर कैसा मनुष्य बनेगा, इसका अनुमान कैसे लगाया जा सकता है? (2)

(घ) सही कार्यक्षेत्र चुनने के क्या लाभ हैं? (2)

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए। (1)

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (2×3=6)

कार्य-थल को वे कभी नहीं पूछते- 'वह है कहाँ',
कर दिखाते हैं असंभव को वही संभव यहाँ।

उलझनें आकर उन्हें पड़ती हैं जितनी ही जहाँ,
वे दिखाते हैं नया उत्साह उतना ही वहाँ।

जो रुकावट डालकर होवे कोई पर्वत खड़ा,
तो उसे देते हैं अपनी युक्तियों से वे उड़ा।

वन खंगालेंगे, करेंगे व्योम में बाजीगरी,
कुछ अजब धुन काम के करने की उनमें है भरी।

सब तरह से आज जितने देश हैं फूले-फले,
बुद्धि, विद्या, धन, वैभव के हैं जहाँ डेरे डले।

वे बनाने से उन्हीं के बन गए इतने भले,
वे सभी हैं हाथ से ऐसे सपूतों के पले।

लोग जब ऐसे समय पाकर जनम लेंगे कभी
देश की औ जाति की होगी भलाई भी तभी।

(क) कर्मवीरों की दो विशेषताएँ बताइए।
(ख) कैसे कह सकते हैं कि कर्मवीर मनुष्य में काम करने की अजब धुन होती है?
(ग) किसी देश के नागरिक कर्मवीर हों तो देश को क्या लाभ होता है?

**अथवा**

हम जब होंगे बड़े, घृणा का नाम मिटाकर लेंगे दम।
हिंसा के विषमय प्रवाह में, कब तक और बहेगा देश!
जब हम होंगे बड़े, देखना नहीं रहेगा यह परिवेश!

भ्रष्टाचार जमाखोरी की, आदत बहुत पुरानी है,
ये कुरीतियाँ मिटा हमें तो, नई चेतना लानी है।

एक घरौंदे जैसा आखिर, कितना और ढहेगा देश,
जब हम होंगे बड़े देखना, ऐसा नहीं रहेगा देश!

इसकी बागडोर हाथों में, ज़रा हमारे आने दो,
थोड़ा-सा बस पाँव हमारा, जीवन में टिक जाने दो।

हम खाते हैं शपथ, दुर्दशा कोई नहीं सहेगा देश,
घोर अभावों की ज्वाला में, कल से नहीं ढहेगा देश।

(क) कविता में बच्चा अपने बड़े होने पर क्या-क्या परिवर्तन करने का इच्छुक है? दो का उल्लेख दीजिए।

(ख) हमारे समाज और परिवेश में क्या-क्या बुराइयाँ आ गई हैं? उनके क्या दुष्परिणाम हो रहे हैं?

(ग) कवि क्या शपथ खाता है और क्यों?

## खंड 'ख'

3. शब्द कब तक शब्द ही रहता है, पद नहीं कहलाता? शब्द तथा पद के एक-एक उदाहरण दीजिए। (2)

अथवा

व्याकरणिक नियमों के अनुसार शब्द व पद में क्या अंतर है?

4. नीचे लिखे वाक्यों में से किन्हीं **तीन** वाक्यों का रूपांतरण कीजिए - (3)

(क) वे हरदम किताबें खोलकर अध्ययन करते रहते थे। (संयुक्त वाक्य)

(ख) मैं सफल हुआ और कक्षा में प्रथम स्थान पर आया। (सरल वाक्य)

(ग) एक बार बिल्ली ने उचककर दो में से एक अण्डा तोड़ दिया। (मिश्र वाक्य)

(घ) वह छह मंजिली इमारत की छत थी जिस पर एक पर्णकुटी बनी थी। (सरल वाक्य)

5. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** पदों का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए- (2)

यथार्थ, शांतिप्रिय, भीमार्जुन

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** को समस्त पद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए - (2)

(i) विद्या रूपी धन

(ii) चंद्र है शिखर पर जिसके अर्थात् शिव

(iii) युद्ध में वीर

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** वाक्यों को शुद्ध कीजिए - (4)

(क) मैं तुम्हारे को अच्छी-अच्छी बातें बताऊंगा।

(ख) निरपराधी को दंड देना उचित नहीं।

(ग) वह कलाकार आदमी है।

(घ) मुखिया जी क्या कहे थे?

7. रिक्त स्थानों की पूर्ति किन्हीं **दो** उपयुक्त मुहावरों के द्वारा कीजिए – (2)

(क) विशेषज्ञ विद्वान को समझाना ऐसा ही है जैसे ........................................................................।

(ख) गणित का गृहकार्य करना मुझे................................................................................ प्रतीत होता है।

(ग) मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों में हमेशा ........................................................................चाहिए।

## खंड 'ग'

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(क) बड़े भाईसाहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थीं? (2)

(ख) बढ़ती हुई आबादी का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा है? 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए। (2)

(ग) 'गिन्नी का सोना' पाठ में शुद्ध आदर्श की तुलना शुद्ध सोने से क्यों की गई है? (1)

**अथवा**

जापान में चाय पीना एक 'सेरेमनी' क्यों है?

9. परम्पराएँ या मान्यताएँ जब बंधन लगने लगें तो उनका टूट जाना ही क्यों अच्छा है? 'तताँरा-वामीरो' ने इसके लिए क्या त्याग किया? (5)

**अथवा**

'कारतूस' पाठ के आधार पर वज़ीर अली की चारित्रिक विशेषताओं का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(क) मीराबाई ने श्रीकृष्ण से अपनी पीड़ा हरने की प्रार्थना किस प्रकार की है? अपने शब्दों में लिखिए। (2)

(ख) पर्वतीय प्रदेश में वर्षा के सौन्दर्य का वर्णन 'पर्वत प्रदेश में पावस' के आधार पर अपने शब्दों में कीजिए। (2)

(ग) छाया भी कब छाया को ढूँढने लगती है? 'बिहारी' के दोहे के आधार पर उत्तर दीजिए। (1)

**अथवा**

'तोप' को कब-कब चमकाया जाता है? 'तोप' कविता के आधार पर लिखिए।

11. 'मनुष्यता' कविता में कवि ने सबको एक साथ होकर चलने की प्रेरणा क्यों दी है? इससे समाज को क्या लाभ हो सकता है? स्पष्ट कीजिए। (5)

**अथवा**

'आत्मत्राण' कविता में कवि की प्रार्थना से क्या संदेश मिलता है? अपने शब्दों में लिखिए।

12. हरिहर काका के साथ उनके भाइयों तथा ठाकुरबाड़ी के महंत ने कैसा व्यवहार किया? क्या आप उसे उचित मानते हैं? कारण सहित स्पष्ट कीजिए। (5)

**अथवा**

'सपनों के से दिन' कहानी के आधार पर पी.टी. साहब के व्यक्तित्व की दो विशेषताएँ बताते हुए लिखिए कि स्काउट परेड करते समय लेखक स्वयं को महत्त्वपूर्ण आदमी, एक फौजी जवान क्यों समझता था?

## खंड 'घ'

13. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (5)

अ. वृक्षारोपण का महत्त्व
   - वृक्षारोपण का अर्थ
   - वृक्षारोपण क्यों
   - हमारा दायित्व

ब. इंटरनेट की दुनिया
   - इंटरनेट का तात्पर्य
   - सूचना का मुख्य साधन
   - लाभ तथा हानि

स. आधुनिक जीवन
   - आवश्यकताओं में वृद्धि
   - अशांति
   - क्या करें

14. अपने क्षेत्र में सार्वजनिक पुस्तकालय खुलवाने की आवश्यकता समझाते हुए दिल्ली के शिक्षा-मंत्री के नाम एक पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

कक्षा में अनजाने हो गए अभद्र व्यवहार के लिए कक्षा-अध्यापक से क्षमा-याचना करते हुए पत्र लिखिए।

15. आप अपने विद्यालय में सांस्कृतिक सचिव हैं। विद्यालय में होने वाली 'कविता-प्रतियोगिता' में भाग लेने के लिए आमंत्रण हेतु 25-30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए। (5)

**अथवा**

विद्यालय में आयोजित होने वाली वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए हिन्दी विभाग के संयोजक की ओर से 25-30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

16. दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए दो मित्रों के बीच संवाद लगभग 50 शब्दों में लिखिए। (5)

**अथवा**

दिल्ली में महिलाओं की असुरक्षा को लेकर दो महिलाओं के मध्य लगभग 50 शब्दों में संवाद लिखिए।

17. आप एक अच्छे चित्रकार हैं। अपने चित्रों की प्रदर्शनी के लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (5)

**अथवा**

अपनी पुरानी साइकिल की बिक्री के लिए 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**Series JMS/1** **SET-2**

कोड नं.
Code No. **4/1/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 17 प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिन्दी
# HINDI
## (पाठ्यक्रम ब)
## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* *Maximum marks : 80*

*सामान्य निर्देश:*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।*

*(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*

## खंड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

''सफलता चाहने वाले मनुष्य का प्रथम कर्त्तव्य यह देखना है कि उसकी रुचि किन कार्यों की ओर अधिक है। यह बात गलत है कि हर कोई मनुष्य हर एक काम कर सकता है। लॉर्ड वेस्टरफील्ड स्वाभाविक प्रवृत्तियों के काम को अनावश्यक समझते थे और केवल परिश्रम को ही सफलता का आधार मानते थे। इसी सिद्धान्त के अनुसार उन्होंने अपने बेटे स्टेनहाप को, जो सुस्त, ढीलाढाला, असावधान था, सत्पुरुष बनाने का प्रयास किया। वर्षों परिश्रम करने के बाद भी लड़का ज्यों का त्यों रहा और जीवन-भर योग्य न बन सका। स्वाभाविक प्रवृत्तियों को जानना कठिन भी नहीं है, बचपन के कामों को देखकर बताया जा सकता है कि बच्चा किस प्रकार का मनुष्य होगा। प्राय: यह संभावना प्रबल होती है कि छोटी आयु में कविता करने वाला कवि, सेना बनाकर चलने वाला सेनापति, भुट्टे चुराने वाला चोर-डाकू, पुरजे कसने वाला मैकेनिक और विज्ञान में रुचि रखने वाला वैज्ञानिक बनेगा।

जब यह विदित हो जाए कि लड़के की रुचि किस काम की ओर है तब यह करना चाहिए कि उसे उसी विषय में ऊँची शिक्षा दिलाई जाए। ऊँची शिक्षा प्राप्त करके मनुष्य अपने काम-धन्धे में कम परिश्रम से अधिक सफल हो सकता है, जिनके काम-धन्धे का पूर्ण प्रतिबिम्ब बचपन में नहीं दिखता, वे अपवाद ही हैं।

प्रत्येक मनुष्य में एक विशेष कार्य को अच्छी प्रकार करने की शक्ति होती है। वह बड़ी दृढ़ और उत्कृष्ट होती है। वह देर तक नहीं छिपती। उसी के अनुकूल व्यवसाय चुनने से ही सफलता मिलती है। जीवन में यदि आपने सही कार्यक्षेत्र चुन लिया तो समझ लीजिए कि बहुत बड़ा काम कर लिया।

(क) लॉर्ड वेस्टरफील्ड का क्या सिद्धान्त था? समझाइए। (2)

(ख) इसे उसने सर्वप्रथम किस पर आजमाया? और क्या परिणाम रहा? (2)

(ग) बालक आगे चलकर कैसा मनुष्य बनेगा, इसका अनुमान कैसे लगाया जा सकता है? (2)

(घ) सही कार्यक्षेत्र चुनने के क्या लाभ हैं? (2)

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए। (1)

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (2×3=6)

कार्य-थल को वे कभी नहीं पूछते- 'वह है कहाँ',
कर दिखाते हैं असंभव को वही संभव यहाँ।

उलझनें आकर उन्हें पड़ती हैं जितनी ही जहाँ,
वे दिखाते हैं नया उत्साह उतना ही वहाँ।
जो रुकावट डालकर होवे कोई पर्वत खड़ा,
तो उसे देते हैं अपनी युक्तियों से वे उड़ा।
वन खंगालेंगे, करेंगे व्योम में बाजीगरी,
कुछ अजब धुन काम के करने की उनमें है भरी।
सब तरह से आज जितने देश हैं फूले-फले,
बुद्धि, विद्या, धन, वैभव के हैं जहाँ डेरे डले।
वे बनाने से उन्हीं के बन गए इतने भले,
वे सभी हैं हाथ से ऐसे सपूतों के पले।
लोग जब ऐसे समय पाकर जनम लेंगे कभी
देश की औ जाति की होगी भलाई भी तभी।

(क) कर्मवीरों की दो विशेषताएँ बताइए।

(ख) कैसे कह सकते हैं कि कर्मवीर मनुष्य में काम करने की अजब धुन होती है?

(ग) किसी देश के नागरिक कर्मवीर हों तो देश को क्या लाभ होता है?

**अथवा**

हम जब होंगे बड़े, घृणा का नाम मिटाकर लेंगे दम।
हिंसा के विषमय प्रवाह में, कब तक और बहेगा देश!
जब हम होंगे बड़े, देखना नहीं रहेगा यह परिवेश!
भ्रष्टाचार जमाखोरी की, आदत बहुत पुरानी है,
ये कुरीतियाँ मिटा हमें तो, नई चेतना लानी है।
एक घरौंदे जैसा आखिर, कितना और ढहेगा देश,
जब हम होंगे बड़े देखना, ऐसा नहीं रहेगा देश!
इसकी बागडोर हाथों में, ज़रा हमारे आने दो,
थोड़ा-सा बस पाँव हमारा, जीवन में टिक जाने दो।
हम खाते हैं शपथ, दुर्दशा कोई नहीं सहेगा देश,
घोर अभावों की ज्वाला में, कल से नहीं ढहेगा देश।

(क) कविता में बच्चा अपने बड़े होने पर क्या-क्या परिवर्तन करने का इच्छुक है? दो का उल्लेख दीजिए।

(ख) हमारे समाज और परिवेश में क्या-क्या बुराइयाँ आ गई हैं? उनके क्या दुष्परिणाम हो रहे हैं?

(ग) कवि क्या शपथ खाता है और क्यों?

## खंड 'ख'

3. शब्द कब तक शब्द ही रहता है, पद नहीं कहलाता? शब्द तथा पद के एक-एक उदाहरण दीजिए। (2)

अथवा

व्याकरणिक नियमों के अनुसार शब्द व पद में क्या अंतर है?

4. नीचे लिखे वाक्यों में से किन्हीं **तीन** वाक्यों का रूपांतरण कीजिए - (3)

(क) वे हरदम किताबें खोलकर अध्ययन करते रहते थे। (संयुक्त वाक्य)

(ख) मैं सफल हुआ और कक्षा में प्रथम स्थान पर आया। (सरल वाक्य)

(ग) एक बार बिल्ली ने उचककर दो में से एक अण्डा तोड़ दिया। (मिश्र वाक्य)

(घ) वह छह मंजिली इमारत की छत थी जिस पर एक पर्णकुटी बनी थी। (सरल वाक्य)

5. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** पदों का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए- (2)

यथार्थ, शांतिप्रिय, भीमार्जुन

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** को समस्त पद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए - (2)

(i) विद्या रूपी धन

(ii) चंद्र है शिखर पर जिसके अर्थात् शिव

(iii) युद्ध में वीर

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** वाक्यों को शुद्ध कीजिए - (1×4=4)

(क) स्वाति, चित्रा और मधु आएगी।

(ख) गणतंत्र दिवस परेड को लाखों बालक, वृद्ध, नर-नारी देख रही थीं।

(ग) प्रधानाचार्य आपको बुलाए हैं, सर!

(घ) उत्तम चरित्र निर्माण हमारे लक्ष्य होने चाहिए।

(ङ) आपके बैल हमारे भटकते हुए खेत में आ पहुँचे।

7. रिक्त स्थानों की पूर्ति किन्हीं **दो** उपयुक्त मुहावरों के द्वारा कीजिए – (2)

(क) विशेषज्ञ विद्वान को समझाना ऐसा ही है जैसे ................................ ........................................।

(ख) गणित का गृहकार्य करना मुझे................................................ ........................................ प्रतीत होता है।

(ग) मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों में हमेशा ................................ ........................................चाहिए।

## खंड 'ग'

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(क) बड़े भाईसाहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थीं? (2)

(ख) बढ़ती हुई आबादी का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा है? 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए। (2)

(ग) 'गिन्नी का सोना' पाठ में शुद्ध आदर्श की तुलना शुद्ध सोने से क्यों की गई है? (1)

**अथवा**

जापान में चाय पीना एक 'सेरेमनी' क्यों है?

9. 26 जनवरी, 1931 में कोलकाता में हुए घटनाक्रम की उन बातों का वर्णन कीजिए जिनके कारण लेखक ने डायरी में लिखा, ''आज जो बात थी वह निराली थी।'' (5)

**अथवा**

चा-नो-यू की पूरी प्रक्रिया का वर्णन अपने शब्दों में करते हुए लिखिए कि उसे झेन परंपरा की अनोखी देन क्यों कहा गया है?

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(क) मीराबाई ने श्रीकृष्ण से अपनी पीड़ा हरने की प्रार्थना किस प्रकार की है? अपने शब्दों में लिखिए। (2)

(ख) पर्वतीय प्रदेश में वर्षा के सौन्दर्य का वर्णन 'पर्वत प्रदेश में पावस' के आधार पर अपने शब्दों में कीज़िए। (2)

(ग) छाया भी कब छाया को ढूँढने लगती है? 'बिहारी' के दोहे के आधार पर उत्तर दीजिए। (1)

**अथवा**

'तोप' को कब-कब चमकाया जाता है? 'तोप' कविता के आधार पर लिखिए।

**11.** 'कर चले हम फिदा...' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए। (5)

**अथवा**

कविता की पृष्ठभूमि में 'तोप' की अतीत में भूमिका और उसकी वर्तमान स्थिति का वर्णन कीजिए। कवि को क्यों कहना पड़ा –

''कितनी ही कड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुख बंद।''

**12.** कल्पना कीजिए कि एक पत्रकार के रूप में आप हरिहर काका के बारे में अपने समाचार पत्र को क्या-क्या बताना चाहेंगे और समाज को उसके उत्तरदायित्व का बोध कैसे कराएंगे? (5)

**अथवा**

टोपी और इफ्फन अलग-अलग धर्म और जाति से संबंध रखते थे पर दोनों एक अटूट रिश्ते से बंधे थे। इस कथन के आलोक में 'टोपी शुक्ला' कहानी पर विचार कीजिए।

## खंड 'घ'

**13.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए – (5)

अ. <u>वृक्षारोपण का महत्त्व</u>
   वृक्षारोपण का अर्थ
   वृक्षारोपण क्यों
   हमारा दायित्व

ब. <u>इंटरनेट की दुनिया</u>
   इंटरनेट का तात्पर्य
   सूचना का मुख्य साधन
   लाभ तथा हानि

स. <u>आधुनिक जीवन</u>
   आवश्यकताओं में वृद्धि
   अशांति
   क्या करें

14. चौराहों पर भीख माँगते बच्चों को देखकर आपको कैसा लगता है? इस समस्या के समाधान के लिए अपने विचार एक पत्र द्वारा किसी समाचार पत्र के संपादक को लिखिए। (5)

**अथवा**

अपनी पढ़ाई तथा अन्य गतिविधियों के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए।

15. आप अपने विद्यालय में सांस्कृतिक सचिव हैं। विद्यालय में होने वाली 'कविता-प्रतियोगिता' में भाग लेने के लिए आमंत्रण हेतु 25-30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए। (5)

**अथवा**

विद्यालय में आयोजित होने वाली वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए हिन्दी विभाग के संयोजक की ओर से 25-30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

16. दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए दो मित्रों के बीच संवाद लगभग 50 शब्दों में लिखिए। (5)

**अथवा**

दिल्ली में महिलाओं की असुरक्षा को लेकर दो महिलाओं के मध्य लगभग 50 शब्दों में संवाद लिखिए।

17. आप एक अच्छे चित्रकार हैं। अपने चित्रों की प्रदर्शनी के लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (5)

**अथवा**

अपनी पुरानी साइकिल की बिक्री के लिए 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

Series JMS/1

SET-3

कोड नं.
Code No. **4/1/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिन्दी
# HINDI
## (पाठ्यक्रम ब)
## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum marks : 80*

*सामान्य निर्देश:*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग और घ।*

*(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*

## खंड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

''सफलता चाहने वाले मनुष्य का प्रथम कर्त्तव्य यह देखना है कि उसकी रुचि किन कार्यों की ओर अधिक है। यह बात गलत है कि हर कोई मनुष्य हर एक काम कर सकता है। लॉर्ड वेस्टरफील्ड स्वाभाविक प्रवृत्तियों के काम को अनावश्यक समझते थे और केवल परिश्रम को ही सफलता का आधार मानते थे। इसी सिद्धान्त के अनुसार उन्होंने अपने बेटे स्टेनहाप को, जो सुस्त, ढीलाढाला, असावधान था, सत्पुरुष बनाने का प्रयास किया। वर्षों परिश्रम करने के बाद भी लड़का ज्यों का त्यों रहा और जीवन-भर योग्य न बन सका। स्वाभाविक प्रवृत्तियों को जानना कठिन भी नहीं है, बचपन के कामों को देखकर बताया जा सकता है कि बच्चा किस प्रकार का मनुष्य होगा। प्राय: यह संभावना प्रबल होती है कि छोटी आयु में कविता करने वाला कवि, सेना बनाकर चलने वाला सेनापति, भुट्टे चुराने वाला चोर-डाकू, पुरजे कसने वाला मैकेनिक और विज्ञान में रुचि रखने वाला वैज्ञानिक बनेगा।

जब यह विदित हो जाए कि लड़के की रुचि किस काम की ओर है तब यह करना चाहिए कि उसे उसी विषय में ऊँची शिक्षा दिलाई जाए। ऊँची शिक्षा प्राप्त करके मनुष्य अपने काम-धन्धे में कम परिश्रम से अधिक सफल हो सकता है, जिनके काम-धन्धे का पूर्ण प्रतिबिम्ब बचपन में नहीं दिखता, वे अपवाद ही हैं।

प्रत्येक मनुष्य में एक विशेष कार्य को अच्छी प्रकार करने की शक्ति होती है। वह बड़ी दृढ़ और उत्कृष्ट होती है। वह देर तक नहीं छिपती। उसी के अनुकूल व्यवसाय चुनने से ही सफलता मिलती है। जीवन में यदि आपने सही कार्यक्षेत्र चुन लिया तो समझ लीजिए कि बहुत बड़ा काम कर लिया।

(क) लॉर्ड वेस्टरफील्ड का क्या सिद्धान्त था? समझाइए। (2)

(ख) इसे उसने सर्वप्रथम किस पर आजमाया? और क्या परिणाम रहा? (2)

(ग) बालक आगे चलकर कैसा मनुष्य बनेगा, इसका अनुमान कैसे लगाया जा सकता है? (2)

(घ) सही कार्यक्षेत्र चुनने के क्या लाभ हैं? (2)

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए। (1)

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (2×3=6)

कार्य-थल को वे कभी नहीं पूछते- 'वह है कहाँ',
कर दिखाते हैं असंभव को वही संभव यहाँ।

उलझनें आकर उन्हें पड़ती हैं जितनी ही जहाँ,
वे दिखाते हैं नया उत्साह उतना ही वहाँ।
जो रुकावट डालकर होवे कोई पर्वत खड़ा,
तो उसे देते हैं अपनी युक्तियों से वे उड़ा।
वन खंगालेंगे, करेंगे व्योम में बाजीगरी,
कुछ अजब धुन काम के करने की उनमें है भरी।
सब तरह से आज जितने देश हैं फूले-फले,
बुद्धि, विद्या, धन, वैभव के हैं जहाँ डेरे डले।
वे बनाने से उन्हीं के बन गए इतने भले,
वे सभी हैं हाथ से ऐसे सपूतों के पले।
लोग जब ऐसे समय पाकर जनम लेंगे कभी
देश की औ जाति की होगी भलाई भी तभी।

(क) कर्मवीरों की दो विशेषताएँ बताइए।
(ख) कैसे कह सकते हैं कि कर्मवीर मनुष्य में काम करने की अजब धुन होती है?
(ग) किसी देश के नागरिक कर्मवीर हों तो देश को क्या लाभ होता है?

**अथवा**

हम जब होंगे बड़े, घृणा का नाम मिटाकर लेंगे दम।
हिंसा के विषमय प्रवाह में, कब तक और बहेगा देश!
जब हम होंगे बड़े, देखना नहीं रहेगा यह परिवेश!
भ्रष्टाचार जमाखोरी की, आदत बहुत पुरानी है,
ये कुरीतियाँ मिटा हमें तो, नई चेतना लानी है।
एक घरौंदे जैसा आखिर, कितना और ढहेगा देश,
जब हम होंगे बड़े देखना, ऐसा नहीं रहेगा देश!
इसकी बागडोर हाथों में, ज़रा हमारे आने दो,
थोड़ा-सा बस पाँव हमारा, जीवन में टिक जाने दो।
हम खाते हैं शपथ, दुर्दशा कोई नहीं सहेगा देश,
घोर अभावों की ज्वाला में, कल से नहीं ढहेगा देश।

(क) कविता में बच्चा अपने बड़े होने पर क्या-क्या परिवर्तन करने का इच्छुक है? दो का उल्लेख दीजिए।

(ख) हमारे समाज और परिवेश में क्या-क्या बुराइयाँ आ गई हैं? उनके क्या दुष्परिणाम हो रहे हैं?

(ग) कवि क्या शपथ खाता है और क्यों?

## खंड 'ख'

3. शब्द कब तक शब्द ही रहता है, पद नहीं कहलाता? शब्द तथा पद के एक-एक उदाहरण दीजिए। (2)

अथवा

व्याकरणिक नियमों के अनुसार शब्द व पद में क्या अंतर है?

4. नीचे लिखे वाक्यों में से किन्हीं **तीन** वाक्यों का रूपांतरण कीजिए – (3)

(क) वे हरदम किताबें खोलकर अध्ययन करते रहते थे। (संयुक्त वाक्य)

(ख) मैं सफल हुआ और कक्षा में प्रथम स्थान पर आया। (सरल वाक्य)

(ग) एक बार बिल्ली ने उचककर दो में से एक अण्डा तोड़ दिया। (मिश्र वाक्य)

(घ) वह छह मंजिली इमारत की छत थी जिस पर एक पर्णकुटी बनी थी। (सरल वाक्य)

5. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** पदों का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए– (2)

यथार्थ, शांतिप्रिय, भीमार्जुन

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** को समस्त पद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए – (2)

(i) विद्या रूपी धन

(ii) चंद्र है शिखर पर जिसके अर्थात् शिव

(iii) युद्ध में वीर

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** वाक्यों को शुद्ध कीजिए – (1×4=4)

(क) हमारा लक्ष्य देश की चहुँमुखी प्रगति होनी चाहिए।

(ख) क्या आप पढ़ लिए हैं?

(ग) इसी स्थान पर कल एक लड़का और लड़की बैठी थी।

(घ) पुलिस ने डाकुओं का पीछा किया गया।

(ङ) आप समय पर घर लौट आना।

7. रिक्त स्थानों की पूर्ति किन्हीं **दो** उपयुक्त मुहावरों के द्वारा कीजिए – (2)

(क) विशेषज्ञ विद्वान को समझाना ऐसा ही है जैसे .................................................।

(ख) गणित का गृहकार्य करना मुझे.................................................................. प्रतीत होता है।

(ग) मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों में हमेशा ....................................................चाहिए।

## खंड 'ग'

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(क) बड़े भाईसाहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थीं? (2)

(ख) बढ़ती हुई आबादी का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा है? 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए। (2)

(ग) 'गिन्नी का सोना' पाठ में शुद्ध आदर्श की तुलना शुद्ध सोने से क्यों की गई है? (1)

**अथवा**

जापान में चाय पीना एक 'सेरेमनी' क्यों है?

9. मैदान में सभा न होने देने के लिए पुलिस बंदोबस्त का विवरण देते हुए सुभाष बाबू के जुलूस और उनके साथ पुलिस के व्यवहार की चर्चा कीजिए। (5)

**अथवा**

बढ़ती आबादी के पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की चर्चा करते हुए स्पष्ट कीजिए कि, "नेचर की सहनशक्ति की भी एक सीमा होती है।"

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(क) मीराबाई ने श्रीकृष्ण से अपनी पीड़ा हरने की प्रार्थना किस प्रकार की है? अपने शब्दों में लिखिए। (2)

(ख) पर्वतीय प्रदेश में वर्षा के सौन्दर्य का वर्णन 'पर्वत प्रदेश में पावस' के आधार पर अपने शब्दों में कीजिए। (2)

(ग) छाया भी कब छाया को ढूँढने लगती है? 'बिहारी' के दोहे के आधार पर उत्तर दीजिए। (1)

**अथवा**

'तोप' को कब-कब चमकाया जाता है? 'तोप' कविता के आधार पर लिखिए।

11. कविता के आधार पर 'मनुष्यता' के गुणों/लक्षणों की चर्चा विस्तारपूर्वक कीजिए। (5)

**अथवा**

कविता के आलोक में सैनिक के जीवन की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए भाव स्पष्ट कीजिए – 'राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियो।

12. ''स्कूल हमारे लिए ऐसी जगह न थी जहाँ खुशी से भागे जाएँ'' फिर भी लेखक और साथी स्कूल क्यों जाते थे? आज के स्कूलों के बारे में आपकी क्या राय है? क्यों? विस्तार से समझाइए। (5)

**अथवा**

हरिहर काका के विरोध में महंत और पुजारी ही नहीं उनके भाई भी थे। इसका कारण क्या था? हरिहर काका उनकी राय क्यों नहीं मानना चाहते थे। विस्तार से समझाइए।

## खंड 'घ'

13. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए – (5)

अ. वृक्षारोपण का महत्त्व
- वृक्षारोपण का अर्थ
- वृक्षारोपण क्यों
- हमारा दायित्व

ब. इंटरनेट की दुनिया
- इंटरनेट का तात्पर्य
- सूचना का मुख्य साधन
- लाभ तथा हानि

स. आधुनिक जीवन
- आवश्यकताओं में वृद्धि
- अशांति
- क्या करें

**14.** एक चौराहे पर स्कूल जाने की उम्र की किसी लड़की को भीख माँगता देखकर आपके मन में क्या भाव उठे? अपनी बड़ी बहन को पत्र लिखकर बताइए। (5)

**अथवा**

'स्वच्छ भारत- स्वस्थ भारत' अभियान का आपके आस-पड़ौस में क्या प्रभाव दिखाई देता है? उसकी अच्छाइयों और सीमाओं की चर्चा करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

**15.** आप अपने विद्यालय में सांस्कृतिक सचिव हैं। विद्यालय में होने वाली 'कविता-प्रतियोगिता' में भाग लेने के लिए आमंत्रण हेतु 25-30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए। (5)

**अथवा**

विद्यालय में आयोजित होने वाली वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए हिन्दी विभाग के संयोजक की ओर से 25-30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

**16.** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए दो मित्रों के बीच संवाद लगभग 50 शब्दों में लिखिए। (5)

**अथवा**

दिल्ली में महिलाओं की असुरक्षा को लेकर दो महिलाओं के मध्य लगभग 50 शब्दों में संवाद लिखिए।

**17.** आप एक अच्छे चित्रकार हैं। अपने चित्रों की प्रदर्शनी के लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (5)

**अथवा**

अपनी पुरानी साइकिल की बिक्री के लिए 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**SET-1**

**Series JMS/2**

कोड नं.
Code No. **4/2/1**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)
## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

***निर्देश :*** *(i) इस प्रश्न-पत्र में **चार** खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii) चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है ।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

आज का विद्यार्थी भविष्य की सोच में कुछ अधिक लग गया है । भविष्य कैसा होगा, वह भविष्य में क्या बनेगा, इस प्रश्न को सुलझाने में या दिवास्वप्न देखने में वह बहुत समय नष्ट कर देता है । भविष्य के बारे में सोचिए ज़रूर, लेकिन भविष्य को वर्तमान पर हावी मत होने दीजिए क्योंकि वर्तमान ही भविष्य की नींव बन सकता है । अत: नींव को मज़बूत बनाने के लिए आवश्यक है कि भान तो भविष्य का भी हो, लेकिन ध्यान वर्तमान पर रहे । आपकी सफलता का मूलमंत्र यही हो सकता है कि आप एक स्वप्न लें, सोचें, कि आपको क्या बनना है और क्या करना है और स्वप्न के अनुसार कार्य करना प्रारंभ करें । वर्तमान रूपी नींव को मज़बूत करें और यदि वर्तमान रूपी नींव सबल बनती गई, तो भविष्य का भवन भी अवश्य बन जाएगा । जितनी मेहनत हो सके, उतनी मेहनत करें और निराशा को जीवन में स्थान न दें । यह सोचते हुए समय ख़राब न करें कि अब मेरा क्या होगा, मैं सफल भी हो पाऊँगा या नहीं ? ऐसा करने में आपका समय नष्ट होगा और जो समय नष्ट करता है, तो समय उसे नष्ट कर देता है । वर्तमान में समय का सदुपयोग भविष्य के निर्माण में सदा सहायक होता है । भविष्य के बारे में अधिक सोच या अधिक चर्चा करने से चिंताएँ घेर लेती हैं । ये चिंताएँ वर्तमान के कर्म में बाधा उत्पन्न करती हैं । ये बाधाएँ हमारे उत्साह को, लगन को धीमा करती हैं और लक्ष्य हमसे दूर होता चला जाता है । नि:संदेह भविष्य के लिए योजनाएँ बनानी चाहिए, किंतु वर्तमान को विस्मृत नहीं करना चाहिए । भविष्य की नींव बनाने में वर्तमान का परिश्रम भविष्य की योजनाओं से अधिक महत्त्वपूर्ण है ।

(क) आज का विद्यार्थी अपना समय किन बातों में नष्ट कर देता है ? इसे त्याज्य क्यों माना गया है ? *2*

(ख) हमारी सफलता का मूलमंत्र क्या हो सकता है और कैसे ? *2*

(ग) समय का हमारे जीवन में क्या महत्त्व बताया गया है ? *2*

(घ) हम अंतत: लक्ष्य से कैसे दूर होते जाते हैं ? इससे कैसे बचा जा सकता है ? *2*

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2×3=6*

मेरे अंदर एक देश बसता है
ज़िंदगी से हारकर जब उदास होता है वह
प्यार देता है
दुलार देता है
अपनी बाँहों में कसता है !

मेरे अंदर
एक सभ्यता है
एक संस्कृति है
जो जीने की राह बताती है
सदियों पुरानी होकर
अमर-नवीन कहलाती है !
स्कूल-कालेज-अस्पताल
कल-कारख़ाने-खेत
नहरें-बाँध-पुल हैं,
जहाँ श्रम के फूल खिलते हैं
और अड़सठ करोड़ लोग एक-दूसरे के गले मिलते हैं !
मेरे अंदर
कश्मीर-ताज-अजंता-एलोरा का
कुँआरा रूप झिलमिलाता है
हर नई साँस के संग
नया सूरजमुखी खिलखिलाता है !

(क) कवि के मन में जो देश बसा है, वह उसे निराशा के अवसरों पर भी क्या देता है ? समझाइए ।

(ख) देश की सभ्यता संस्कृति की विशेषताएँ क्या हैं ?

(ग) आशय स्पष्ट कीजिए :

“हर नई साँस के संग
नया सूरजमुखी खिलखिलाता है !”

**अथवा**

तरुण,

तुम्हारी शक्ति अतुल है

जहाँ कर्म में वह बदली है

वहाँ राष्ट्र का नया रूप

सम्मुख आया है

वैयक्तिक भी कार्य तुम्हारा

सामूहिक है

और

जहाँ हो

वहीं तुम्हारी जीवनधारा

जड़-चेतन को

आप्यायित, आप्लावित करती है

कोई देश

तुम्हारी साँसों से जीवित है

और तुम्हारी आँखों से देखा करता है

और तुम्हारे चलने पर चलता है

संकल्पों में इतनी है शक्ति तुम्हारे

जिससे कोई राष्ट्र बना-बिगड़ा करता है ।

(क) राष्ट्र का नवीन रूप कब उभरता है और कैसे ?

(ख) युवकों की जीवनधारा जड़-चेतन को किस प्रकार तृप्त करती है ?

(ग) आशय स्पष्ट कीजिए :

"संकल्पों में इतनी है शक्ति तुम्हारे
जिससे कोई राष्ट्र बना-बिगड़ा करता है ।"

## खण्ड ख

**3.** शब्द वाक्य में प्रयुक्त होने पर क्या कहलाता है ? उदाहरण देकर समझाइए । *2*

**अथवा**

शब्द किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर शब्द और पद में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

**4.** नीचे लिखे वाक्यों में से ***किन्हीं तीन*** वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) ग्वालियर में हमारा एक मकान था, उस मकान के दालान में दो रोशनदान थे ।
(मिश्र वाक्य में)

(ख) तताँरा ने विवश होकर आग्रह किया । (संयुक्त वाक्य में)

(ग) आप जो कुछ कह रहे हैं वह बिलकुल सच है । (सरल वाक्य में)

(घ) प्रैक्टिकल आइडियलिस्टों के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं ।
(मिश्र वाक्य में)

**5.** (क) निम्नलिखित शब्दों में से ***किन्हीं दो*** पदों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

ग्रंथकार, देशनिर्वासित, सज्जन

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

(i) जो नभ में विचरण करता है

(ii) सीमा का प्रहरी

(iii) आठ अध्यायों का समूह

**6.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : *1×4=4*

(क) मैं यह कार्य आसानी पूर्वक कर सकता हूँ ।

(ख) उस पर घड़ों पानी गिर गया ।

(ग) जो मैंने करा वह तुम कभी नहीं कर सकते ।

(घ) उसकी तो अक्ल मर गई ।

(ङ) मैं सादरपूर्वक निवेदन करता हूँ ।

**7.** ***किन्हीं दो*** रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए : *1×2=2*

(क) मुझे __________ मत समझना, मैं तुम्हारी हर चाल समझता हूँ ।

(ख) तुम तो हर छोटी-बड़ी बात पर __________ लेते हो ।

(ग) भारतीय सैनिकों ने दुश्मन की सेना के __________ दिए ।

## खण्ड ग

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

(क) वर्तमान समय में शाश्वत मूल्यों की क्या उपयोगिता है ? 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ख) तताँरा-वामीरो की त्यागभरी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया ?

(ग) कलकत्तावासियों के लिए 26 जनवरी, 1931 का दिन क्यों महत्त्वपूर्ण था ?

**अथवा**

बड़े-बड़े बिल्डर समुद्र को पीछे क्यों धकेल रहे थे ?

**9.** बड़े भाईसाहब के व्यक्तित्व की विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए । *5*

**अथवा**

'कारतूस' पाठ के आधार पर सोदाहरण सिद्ध कीजिए कि वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था ।

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

(क) कबीर की साखी के आधार पर लिखिए कि ईश्वर वस्तुत: कहाँ है । हम उसे क्यों नहीं देख पाते ?

(ख) सुमित्रानंदन पंत ने 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में तालाब की तुलना किससे की है और क्यों ?

(ग) कवि किन दिनों में प्रभु की याद बनाए रखना चाहता है ? 'आत्मत्राण' कविता के आधार पर लिखिए ।

**अथवा**

गोपियाँ श्रीकृष्ण की बाँसुरी क्यों छिपा लेती हैं ? 'बिहारी के दोहे' के आधार पर लिखिए ।

**11.** 'तोप' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए । *5*

**अथवा**

'कर चले हम फ़िदा' कविता के आधार पर प्रतिपादित कीजिए कि बलिदानी वीर भारतीय युवकों से क्या अपेक्षा करते हैं और क्यों ?

**12.** मानवीय मूल्यों के आधार पर इफ़्फ़न और टोपी शुक्ला की दोस्ती की समीक्षा कीजिए । *5*

**अथवा**

हरिहर काका के जीवन के अनुभवों से हमें क्या सीख मिलती है ? पाठ के आधार पर लिखिए ।

## खण्ड घ

**13.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर लगभग 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) पहला सुख – निरोगी काया

- आशय
- व्यायाम और स्वास्थ्य
- समाज को लाभ

(ख) मोबाइल फ़ोन

- लोकप्रियता
- सूचना क्रांति
- लाभ-हानि

(ग) एक ठंडी सुबह

- कब, कहाँ
- क्यों है याद
- क्या मिली सीख

**14.** अपने विद्यालय में पीने के स्वच्छ पानी की समुचित व्यवस्था हेतु प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

आपके बचत खाते का ए.टी.एम. कार्ड खो गया है । इस संबंध में तत्काल उचित कार्यवाही करने हेतु बैंक प्रबंधक को पत्र लिखिए ।

**15.** एक सूचना तैयार कीजिए जिसमें सभी विद्यार्थियों से निर्धन बच्चों के लिए 'पुस्तक-कोष' में अपनी पुरानी पाठ्य-पुस्तकों का उदारतापूर्वक योगदान देने हेतु अनुरोध किया गया हो । *5*

**अथवा**

आपको विद्यालय में एक बटुआ मिला है, जिसमें कुछ रुपयों के साथ कुछ ज़रूरी कार्ड भी हैं । छात्रों से इसके मालिक की पूछताछ और वापस पाने की प्रक्रिया बताते हुए 25-30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए ।

**16.** आपको टी.वी. देखना बहुत पसंद है परन्तु आपकी माताजी को यह समय की बर्बादी लगती है । आपके और आपकी माताजी के बीच जो संवाद होंगे, उन्हें लगभग 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**अथवा**

एक दुर्घटना के बाद दो बच्चों में सड़क सुरक्षा की समस्या पर परस्पर संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए ।

**17.** सूती वस्त्र तैयार करने वाली कंपनी 'क-ख-ग पैरहन' की ओर से दी जा रही छूट का उल्लेख करते हुए एक विज्ञापन का आलेख लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

दिल्ली पुस्तक मेले में भाग ले रहे 'क-ख-ग प्रकाशन' की ओर से लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए ।

SET-2

**Series JMS/2**

कोड नं.
Code No. **4/2/2**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)

## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***निर्देश :*** *(i) इस प्रश्न-पत्र में* ***चार*** *खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii) चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना* ***अनिवार्य*** *है ।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

आज का विद्यार्थी भविष्य की सोच में कुछ अधिक लग गया है । भविष्य कैसा होगा, वह भविष्य में क्या बनेगा, इस प्रश्न को सुलझाने में या दिवास्वप्न देखने में वह बहुत समय नष्ट कर देता है । भविष्य के बारे में सोचिए ज़रूर, लेकिन भविष्य को वर्तमान पर हावी मत होने दीजिए क्योंकि वर्तमान ही भविष्य की नींव बन सकता है । अत: नींव को मज़बूत बनाने के लिए आवश्यक है कि भान तो भविष्य का भी हो, लेकिन ध्यान वर्तमान पर रहे । आपकी सफलता का मूलमंत्र यही हो सकता है कि आप एक स्वप्न लें, सोचें, कि आपको क्या बनना है और क्या करना है और स्वप्न के अनुसार कार्य करना प्रारंभ करें । वर्तमान रूपी नींव को मज़बूत करें और यदि वर्तमान रूपी नींव सबल बनती गई, तो भविष्य का भवन भी अवश्य बन जाएगा । जितनी मेहनत हो सके, उतनी मेहनत करें और निराशा को जीवन में स्थान न दें । यह सोचते हुए समय ख़राब न करें कि अब मेरा क्या होगा, मैं सफल भी हो पाऊँगा या नहीं ? ऐसा करने में आपका समय नष्ट होगा और जो समय नष्ट करता है, तो समय उसे नष्ट कर देता है । वर्तमान में समय का सदुपयोग भविष्य के निर्माण में सदा सहायक होता है । भविष्य के बारे में अधिक सोच या अधिक चर्चा करने से चिंताएँ घेर लेती हैं । ये चिंताएँ वर्तमान के कर्म में बाधा उत्पन्न करती हैं । ये बाधाएँ हमारे उत्साह को, लगन को धीमा करती हैं और लक्ष्य हमसे दूर होता चला जाता है । नि:संदेह भविष्य के लिए योजनाएँ बनानी चाहिए, किंतु वर्तमान को विस्मृत नहीं करना चाहिए । भविष्य की नींव बनाने में वर्तमान का परिश्रम भविष्य की योजनाओं से अधिक महत्त्वपूर्ण है ।

(क) आज का विद्यार्थी अपना समय किन बातों में नष्ट कर देता है ? इसे त्याज्य क्यों माना गया है ? *2*

(ख) हमारी सफलता का मूलमंत्र क्या हो सकता है और कैसे ? *2*

(ग) समय का हमारे जीवन में क्या महत्त्व बताया गया है ? *2*

(घ) हम अंतत: लक्ष्य से कैसे दूर होते जाते हैं ? इससे कैसे बचा जा सकता है ? *2*

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2×3=6*

मेरे अंदर एक देश बसता है
ज़िंदगी से हारकर जब उदास होता है वह
प्यार देता है
दुलार देता है
अपनी बाँहों में कसता है !

मेरे अंदर
एक सभ्यता है
एक संस्कृति है
जो जीने की राह बताती है
सदियों पुरानी होकर
अमर-नवीन कहलाती है !
स्कूल-कालेज-अस्पताल
कल-कारख़ाने-खेत
नहरें-बाँध-पुल हैं,
जहाँ श्रम के फूल खिलते हैं
और अड़सठ करोड़ लोग एक-दूसरे के गले मिलते हैं !
मेरे अंदर
कश्मीर-ताज-अजंता-एलोरा का
कुँआरा रूप झिलमिलाता है
हर नई साँस के संग
नया सूरजमुखी खिलखिलाता है !

(क) कवि के मन में जो देश बसा है, वह उसे निराशा के अवसरों पर भी क्या देता है ? समझाइए ।

(ख) देश की सभ्यता संस्कृति की विशेषताएँ क्या हैं ?

(ग) आशय स्पष्ट कीजिए :

“हर नई साँस के संग
नया सूरजमुखी खिलखिलाता है !”

**अथवा**

तरुण,
तुम्हारी शक्ति अतुल है
जहाँ कर्म में वह बदली है
वहाँ राष्ट्र का नया रूप
सम्मुख आया है
वैयक्तिक भी कार्य तुम्हारा
सामूहिक है
और
जहाँ हो
वहीं तुम्हारी जीवनधारा
जड़-चेतन को
आप्यायित, आप्लावित करती है
कोई देश
तुम्हारी साँसों से जीवित है
और तुम्हारी आँखों से देखा करता है
और तुम्हारे चलने पर चलता है
संकल्पों में इतनी है शक्ति तुम्हारे
जिससे कोई राष्ट्र बना-बिगड़ा करता है ।

(क) राष्ट्र का नवीन रूप कब उभरता है और कैसे ?

(ख) युवकों की जीवनधारा जड़-चेतन को किस प्रकार तृप्त करती है ?

(ग) आशय स्पष्ट कीजिए :

“संकल्पों में इतनी है शक्ति तुम्हारे
जिससे कोई राष्ट्र बना-बिगड़ा करता है ।”

## खण्ड ख

**3.** शब्द वाक्य में प्रयुक्त होने पर क्या कहलाता है ? उदाहरण देकर समझाइए । *2*

**अथवा**

शब्द किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर शब्द और पद में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

**4.** नीचे लिखे वाक्यों में से ***किन्हीं तीन*** वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) ग्वालियर में हमारा एक मकान था, उस मकान के दालान में दो रोशनदान थे । (मिश्र वाक्य में)

(ख) तताँरा ने विवश होकर आग्रह किया । (संयुक्त वाक्य में)

(ग) आप जो कुछ कह रहे हैं वह बिलकुल सच है । (सरल वाक्य में)

(घ) प्रैक्टिकल आइडियलिस्टों के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं । (मिश्र वाक्य में)

**5.** (क) निम्नलिखित शब्दों में से ***किन्हीं दो*** पदों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

ग्रंथकार, देशनिर्वासित, सज्जन

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

(i) जो नभ में विचरण करता है

(ii) सीमा का प्रहरी

(iii) आठ अध्यायों का समूह

**6.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : *1×4=4*

(क) बड़ी ईमानदारी एक दुर्लभ वस्तु है ।

(ख) श्रुति, नीति और सुषमा आने वाली है ।

(ग) पुलिस आयुक्त ने स्वयं पूरे मामले की जाँच की गई ।

(घ) आप हमें यही सिखाई थीं ।

(ङ) मैंने भी धार्मिक पुस्तकें और ग्रंथ पढ़ी हैं ।

**7.** ***किन्हीं दो*** रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए : *1×2=2*

(क) मुझे _________ मत समझना, मैं तुम्हारी हर चाल समझता हूँ ।

(ख) तुम तो हर छोटी-बड़ी बात पर _________ लेते हो ।

(ग) भारतीय सैनिकों ने दुश्मन की सेना के _________ दिए ।

## खण्ड ग

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

(क) वर्तमान समय में शाश्वत मूल्यों की क्या उपयोगिता है ? 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ख) तताँरा-वामीरो की त्यागभरी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया ?

(ग) कलकत्तावासियों के लिए 26 जनवरी, 1931 का दिन क्यों महत्त्वपूर्ण था ?

**अथवा**

बड़े-बड़े बिल्डर समुद्र को पीछे क्यों धकेल रहे थे ?

**9.** "अब कहाँ दूसरे के दुख..." पाठ के आधार पर लिखिए कि बढ़ती हुई जनसंख्या का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ रहा है । प्रकृति की सहनशक्ति जब सीमा पार कर जाती है, तो क्या परिणाम होते हैं ? *5*

**अथवा**

रूढ़ियाँ जब बंधन बनने लगें तो उनका टूट जाना क्यों अच्छा है ? कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि रूढ़ियाँ तोड़ने के लिए तताँरा-वामीरो को क्या त्याग करना पड़ा ।

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

(क) कबीर की साखी के आधार पर लिखिए कि ईश्वर वस्तुत: कहाँ है । हम उसे क्यों नहीं देख पाते ?

(ख) सुमित्रानंदन पंत ने 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में तालाब की तुलना किससे की है और क्यों ?

(ग) कवि किन दिनों में प्रभु की याद बनाए रखना चाहता है ? 'आत्मत्राण' कविता के आधार पर लिखिए ।

**अथवा**

गोपियाँ श्रीकृष्ण की बाँसुरी क्यों छिपा लेती हैं ? 'बिहारी के दोहे' के आधार पर लिखिए ।

**11.** मीरा के पदों के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि वह भक्त की विपत्ति दूर करने के लिए किन प्रसंगों की याद कृष्ण को दिखाती है और उन्हें पाने के लिए क्या-क्या कार्य करने को तत्पर है ? *5*

**अथवा**

'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए ।

**12.** 'टोपी शुक्ला' कहानी हमें क्या संदेश देती है ? भारतीय समाज के लिए यह कैसे लाभकारी हो सकता है ? तर्क सहित उत्तर दीजिए । *5*

**अथवा**

हरिहर काका के जीवन में आई कठिनाइयों का मूल कारण क्या था ? ऐसी सामाजिक समस्या के समाधान के क्या उपाय हो सकते हैं ? लिखिए ।

**खण्ड घ**

**13.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर लगभग 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) पहला सुख – निरोगी काया

- आशय
- व्यायाम और स्वास्थ्य
- समाज को लाभ

(ख) मोबाइल फ़ोन

- लोकप्रियता
- सूचना क्रांति
- लाभ-हानि

(ग) एक ठंडी सुबह

- कब, कहाँ
- क्यों है याद
- क्या मिली सीख

**14.** आपकी हिन्दी शिक्षिका का स्थानांतरण हुए दो मास हो गए हैं और कोई नियमित विकल्प न मिलने से पढ़ाई नहीं हो पा रही । पत्र में इस समस्या की चर्चा करते हुए प्रधानाचार्य से तुरंत समाधान करने का आग्रह कीजिए । *5*

**अथवा**

परीक्षा के दिनों में विद्युत् आपूर्ति नियमित न होने से हो रही कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए विद्युत् प्रदाय संस्थान के मुख्य प्रबंधक को तुरंत इसे ठीक करने का अनुरोध कीजिए ।

**15.** एक सूचना तैयार कीजिए जिसमें सभी विद्यार्थियों से निर्धन बच्चों के लिए 'पुस्तक-कोष' में अपनी पुरानी पाठ्य-पुस्तकों का उदारतापूर्वक योगदान देने हेतु अनुरोध किया गया हो । *5*

**अथवा**

आपको विद्यालय में एक बटुआ मिला है, जिसमें कुछ रुपयों के साथ कुछ ज़रूरी कार्ड भी हैं । छात्रों से इसके मालिक की पूछताछ और वापस पाने की प्रक्रिया बताते हुए 25-30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए ।

**16.** आपको टी.वी. देखना बहुत पसंद है परन्तु आपकी माताजी को यह समय की बर्बादी लगती है । आपके और आपकी माताजी के बीच जो संवाद होंगे, उन्हें लगभग 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**अथवा**

एक दुर्घटना के बाद दो बच्चों में सड़क सुरक्षा की समस्या पर परस्पर संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए ।

**17.** सूती वस्त्र तैयार करने वाली कंपनी 'क-ख-ग पैरहन' की ओर से दी जा रही छूट का उल्लेख करते हुए एक विज्ञापन का आलेख लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

दिल्ली पुस्तक मेले में भाग ले रहे 'क-ख-ग प्रकाशन' की ओर से लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए ।

SET-3

**Series JMS/2**

कोड नं.
Code No. **4/2/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)

## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***निर्देश :*** *(i) इस प्रश्न-पत्र में **चार** खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii) चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है ।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

आज का विद्यार्थी भविष्य की सोच में कुछ अधिक लग गया है । भविष्य कैसा होगा, वह भविष्य में क्या बनेगा, इस प्रश्न को सुलझाने में या दिवास्वप्न देखने में वह बहुत समय नष्ट कर देता है । भविष्य के बारे में सोचिए ज़रूर, लेकिन भविष्य को वर्तमान पर हावी मत होने दीजिए क्योंकि वर्तमान ही भविष्य की नींव बन सकता है । अत: नींव को मज़बूत बनाने के लिए आवश्यक है कि भान तो भविष्य का भी हो, लेकिन ध्यान वर्तमान पर रहे । आपकी सफलता का मूलमंत्र यही हो सकता है कि आप एक स्वप्न लें, सोचें, कि आपको क्या बनना है और क्या करना है और स्वप्न के अनुसार कार्य करना प्रारंभ करें । वर्तमान रूपी नींव को मज़बूत करें और यदि वर्तमान रूपी नींव सबल बनती गई, तो भविष्य का भवन भी अवश्य बन जाएगा । जितनी मेहनत हो सके, उतनी मेहनत करें और निराशा को जीवन में स्थान न दें । यह सोचते हुए समय ख़राब न करें कि अब मेरा क्या होगा, मैं सफल भी हो पाऊँगा या नहीं ? ऐसा करने में आपका समय नष्ट होगा और जो समय नष्ट करता है, तो समय उसे नष्ट कर देता है । वर्तमान में समय का सदुपयोग भविष्य के निर्माण में सदा सहायक होता है । भविष्य के बारे में अधिक सोच या अधिक चर्चा करने से चिंताएँ घेर लेती हैं । ये चिंताएँ वर्तमान के कर्म में बाधा उत्पन्न करती हैं । ये बाधाएँ हमारे उत्साह को, लगन को धीमा करती हैं और लक्ष्य हमसे दूर होता चला जाता है । नि:संदेह भविष्य के लिए योजनाएँ बनानी चाहिए, किंतु वर्तमान को विस्मृत नहीं करना चाहिए । भविष्य की नींव बनाने में वर्तमान का परिश्रम भविष्य की योजनाओं से अधिक महत्त्वपूर्ण है ।

(क) आज का विद्यार्थी अपना समय किन बातों में नष्ट कर देता है ? इसे त्याज्य क्यों माना गया है ? *2*

(ख) हमारी सफलता का मूलमंत्र क्या हो सकता है और कैसे ? *2*

(ग) समय का हमारे जीवन में क्या महत्त्व बताया गया है ? *2*

(घ) हम अंतत: लक्ष्य से कैसे दूर होते जाते हैं ? इससे कैसे बचा जा सकता है ? *2*

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2×3=6*

मेरे अंदर एक देश बसता है
ज़िंदगी से हारकर जब उदास होता है वह
प्यार देता है
दुलार देता है
अपनी बाँहों में कसता है !

मेरे अंदर
एक सभ्यता है
एक संस्कृति है
जो जीने की राह बताती है
सदियों पुरानी होकर
अमर-नवीन कहलाती है !
स्कूल-कालेज-अस्पताल
कल-कारख़ाने-खेत
नहरें-बाँध-पुल हैं,
जहाँ श्रम के फूल खिलते हैं
और अड़सठ करोड़ लोग एक-दूसरे के गले मिलते हैं !
मेरे अंदर
कश्मीर-ताज-अजंता-एलोरा का
कुँआरा रूप झिलमिलाता है
हर नई साँस के संग
नया सूरजमुखी खिलखिलाता है !

(क) कवि के मन में जो देश बसा है, वह उसे निराशा के अवसरों पर भी क्या देता है ? समझाइए ।

(ख) देश की सभ्यता संस्कृति की विशेषताएँ क्या हैं ?

(ग) आशय स्पष्ट कीजिए :

“हर नई साँस के संग
नया सूरजमुखी खिलखिलाता है !”

**अथवा**

तरुण,
तुम्हारी शक्ति अतुल है
जहाँ कर्म में वह बदली है
वहाँ राष्ट्र का नया रूप
सम्मुख आया है
वैयक्तिक भी कार्य तुम्हारा
सामूहिक है
और
जहाँ हो
वहीं तुम्हारी जीवनधारा
जड़-चेतन को
आप्यायित, आप्लावित करती है
कोई देश
तुम्हारी साँसों से जीवित है
और तुम्हारी आँखों से देखा करता है
और तुम्हारे चलने पर चलता है
संकल्पों में इतनी है शक्ति तुम्हारे
जिससे कोई राष्ट्र बना-बिगड़ा करता है ।

(क) राष्ट्र का नवीन रूप कब उभरता है और कैसे ?

(ख) युवकों की जीवनधारा जड़-चेतन को किस प्रकार तृप्त करती है ?

(ग) आशय स्पष्ट कीजिए :

“संकल्पों में इतनी है शक्ति तुम्हारे
जिससे कोई राष्ट्र बना-बिगड़ा करता है ।”

**खण्ड ख**

**3.** शब्द वाक्य में प्रयुक्त होने पर क्या कहलाता है ? उदाहरण देकर समझाइए । *2*

**अथवा**

शब्द किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर शब्द और पद में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

**4.** नीचे लिखे वाक्यों में से ***किन्हीं तीन*** वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) ग्वालियर में हमारा एक मकान था, उस मकान के दालान में दो रोशनदान थे । (मिश्र वाक्य में)

(ख) तताँरा ने विवश होकर आग्रह किया । (संयुक्त वाक्य में)

(ग) आप जो कुछ कह रहे हैं वह बिलकुल सच है । (सरल वाक्य में)

(घ) प्रैक्टिकल आइडियलिस्टों के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं । (मिश्र वाक्य में)

**5.** (क) निम्नलिखित शब्दों में से ***किन्हीं दो*** पदों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

ग्रंथकार, देशनिर्वासित, सज्जन

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

(i) जो नभ में विचरण करता है

(ii) सीमा का प्रहरी

(iii) आठ अध्यायों का समूह

**6.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : *1×4=4*

(क) महेश ने बोला है कि वे लोग आएंगे ।

(ख) मैं वहीं जा रहा हूँ जहाँ से आप आए हो ।

(ग) बहिन ने कल नहीं आ सका ।

(घ) गीता पर कहा गया है कि फल की चिंता न करें ।

(ङ) आपने कल सुबह उठना है ।

**7.** ***किन्हीं दो*** रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए : *1×2=2*

(क) मुझे _________ मत समझना, मैं तुम्हारी हर चाल समझता हूँ ।

(ख) तुम तो हर छोटी-बड़ी बात पर _________ लेते हो ।

(ग) भारतीय सैनिकों ने दुश्मन की सेना के _________ दिए ।

## खण्ड ग

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

(क) वर्तमान समय में शाश्वत मूल्यों की क्या उपयोगिता है ? 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ख) तताँरा-वामीरो की त्यागभरी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया ?

(ग) कलकत्तावासियों के लिए 26 जनवरी, 1931 का दिन क्यों महत्त्वपूर्ण था ?

**अथवा**

बड़े-बड़े बिल्डर समुद्र को पीछे क्यों धकेल रहे थे ?

**9.** "बड़े भाईसाहब की डाँट-फटकार यदि न मिलती तो छोटा भाई कक्षा में प्रथम नहीं आता ।" उक्त कथन के पक्ष अथवा विपक्ष में अपने विचार उपयुक्त तर्क सहित लिखिए । *5*

**अथवा**

जापान में अधिकांश लोगों के मनोरुग्ण होने के क्या कारण हैं ? तनाव से मुक्ति दिलाने में झेन परंपरा की चा-नो-यू विधि किस प्रकार सहायक है ?

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

(क) कबीर की साखी के आधार पर लिखिए कि ईश्वर वस्तुत: कहाँ है । हम उसे क्यों नहीं देख पाते ?

(ख) सुमित्रानंदन पंत ने 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में तालाब की तुलना किससे की है और क्यों ?

(ग) कवि किन दिनों में प्रभु की याद बनाए रखना चाहता है ? 'आत्मत्राण' कविता के आधार पर लिखिए ।

**अथवा**

गोपियाँ श्रीकृष्ण की बाँसुरी क्यों छिपा लेती हैं ? 'बिहारी के दोहे' के आधार पर लिखिए ।

**11.** वर्षा-ऋतु में पर्वतीय प्राकृतिक सुषमा का वर्णन सुमित्रानंदन पंत की कविता के आधार पर कीजिए । *5*

**अथवा**

बिहारी के दोहों के आलोक में ग्रीष्म-ऋतु की प्रचंडता और प्रभाव का विस्तृत चित्रण अपने शब्दों में कीजिए ।

**12.** 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि हिमशिखरों को पूरे एशिया का जल स्तंभ क्यों कहा गया है । पर्वतों और नदियों को इस कृपा को बनाए रखने के लिए हमें क्या-क्या उपाय करने चाहिए ? *5*

**अथवा**

'माता का अंचल' पाठ से दो प्रसंगों का विस्तार से वर्णन कीजिए जो आपके दिल को छू गए हों ।

## खण्ड घ

**13.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर लगभग 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) पहला सुख – निरोगी काया

- आशय
- व्यायाम और स्वास्थ्य
- समाज को लाभ

(ख) मोबाइल फ़ोन

- लोकप्रियता
- सूचना क्रांति
- लाभ-हानि

(ग) एक ठंडी सुबह

- कब, कहाँ
- क्यों है याद
- क्या मिली सीख

**14.** आपको विद्यालय में खेलने का अवसर नहीं मिलता । कह दिया जाता है कि छात्र संख्या अधिक होने से सबके लिए व्यवस्था नहीं हो सकती । प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर इस समस्या पर चर्चा कीजिए और एक उपाय भी सुझाइए । *5*

**अथवा**

मेट्रो में यात्रा करते हुए अपना क़ीमती सामान वाला बैग आप भूल गए । तुरंत शिकायत करने के बाद अगले दिन आपको अपना बैग वापस मिल गया । प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए किसी पत्र के संपादक को पत्र लिखिए ।

**15.** एक सूचना तैयार कीजिए जिसमें सभी विद्यार्थियों से निर्धन बच्चों के लिए 'पुस्तक-कोष' में अपनी पुरानी पाठ्य-पुस्तकों का उदारतापूर्वक योगदान देने हेतु अनुरोध किया गया हो । *5*

**अथवा**

आपको विद्यालय में एक बटुआ मिला है, जिसमें कुछ रुपयों के साथ कुछ ज़रूरी कार्ड भी हैं । छात्रों से इसके मालिक की पूछताछ और वापस पाने की प्रक्रिया बताते हुए 25-30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए ।

**16.** आपको टी.वी. देखना बहुत पसंद है परन्तु आपकी माताजी को यह समय की बर्बादी लगती है । आपके और आपकी माताजी के बीच जो संवाद होंगे, उन्हें लगभग 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**अथवा**

एक दुर्घटना के बाद दो बच्चों में सड़क सुरक्षा की समस्या पर परस्पर संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए ।

**17.** सूती वस्त्र तैयार करने वाली कंपनी 'क-ख-ग पैरहन' की ओर से दी जा रही छूट का उल्लेख करते हुए एक विज्ञापन का आलेख लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

दिल्ली पुस्तक मेले में भाग ले रहे 'क-ख-ग प्रकाशन' की ओर से लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए ।

**SET-1**

**Series JMS/3**

कोड नं.
Code No. **4/3/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)
## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

***निर्देश :*** *(i) इस प्रश्न-पत्र में* ***चार*** *खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii) चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना* ***अनिवार्य*** *है ।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

भारत विशाल देश है । भौगोलिक दृष्टि से यहाँ संसार के सबसे ऊँचे पर्वत, बहुत ठंडे ग्लेशियर, जंगलों से ढके पहाड़, राजस्थान का उष्ण और लद्दाख का शीतल मरुस्थल, उपजाऊ मैदान, दक्षिणी पठार, सदानीरा नदियाँ, सुंदर-सुहावने समुद्री किनारे, चेरापूँजी जैसे अत्यधिक वर्षा वाले स्थान आदि हैं । लोगों के भिन्न-भिन्न रंग-रूप, रीति-रिवाज़ हैं । हिंदू, जैन, बौद्ध, सिख, मुसलमान और पारसी आदि विविध धर्मों को मानने वाले यहाँ मिलकर रहते हैं जो एक दुर्लभ विशेषता है । जनसंख्या की दृष्टि से संसार का दूसरा बड़ा देश भारत ही है । यह अनेकता रूपी रंगों की इंद्रधनुषी एकता के सूत्र में बँधा हुआ देश है । विश्व इसकी अनेकता में एकता देखकर चकित हो जाता है । भारत के गाँवों में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दरिद्र, दुर्बल और रोगी नहीं हैं, जिनको किसी प्रकार का अभाव नहीं; पर ऐसे लोग बहुत ही कम हैं । वे उँगलियों पर गिने जा सकते हैं । किंतु अधिकतर लोग ग़रीबी और अज्ञान के ऐसे शिकार हो गए हैं कि उनका जीवन पशुओं से भी गया-बीता बन गया है । ग़रीबी के कारण गंदगी उन्हें हर तरह से और हर तरफ़ से घेरे रहती है । ग़रीबी उन्हें आलसी बना देती है । कपड़ों का अभाव और जल का अभाव उन्हें गंदा रहने के लिए मज़बूर करता है । जिन गाँवों में कहीं-कहीं अच्छे कुएँ और तालाब हैं उनमें रहने वाले ग़रीब भी कपड़ों के अभाव के कारण सफ़ाई के साथ नहीं रह पाते । अनेक गाँवों में ग़रीबों को दूर-दूर के कुओं से सिर्फ़ पीने-भर को पानी लाना पड़ता है ।

स्वतंत्रता प्राप्ति के सात दशकों के बाद धीरे-धीरे उनके जीवन में परिवर्तन तो आया है किंतु गति बहुत धीमी है । आज भी उनमें बेरोज़गारी, अशिक्षा, अंधविश्वास व्याप्त है । समुचित चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है । उनके लिए विशेष प्रयास प्राथमिकता के स्तर पर करने होंगे ।

(क) भारत की भौगोलिक विशेषताएँ बताइए । *2*

(ख) दुर्लभ विशेषता किसे माना गया है और क्यों ? *2*

(ग) अनेकता में एकता से आप क्या समझते हैं ? कैसे कह सकते हैं कि भारत में यह विशेषता प्राप्त होती है ? *2*

(घ) भारतीय गाँवों की दशा पर टिप्पणी कीजिए । *2*

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

एक सुनहली किरण उसे भी दे दो
भटक रहा जो अँधियाली के वन में
लेकिन जिसके मन में
अभी शेष है चलने की अभिलाषा
एक सुनहली किरण उसे भी दे दो ।
मौन, कर्म में निरत,
बद्ध पिंजर में व्याकुल,
भूल गया जो दुख जतलाने वाली भाषा
उसको भी वाणी के कुछ क्षण दे दो ।
तुम जो सजा रहे हो
ऊँची फुनगी पर के ऊर्ध्वमुखी
नव-पल्लव पर आभा की किरणें,
तुम जो जगा रहे हो
दल के दल कमलों की आँखों के
सब सोए सपने
तुम जो बिखराते हो भू पर
राशि-राशि सोना
पथ को उद्भासित करने
एक किरण से
उसका भी माथा उद्भासित कर दो ।

(क) जो अज्ञान के अँधेरे में भटक रहा हो उसके लिए कवि ने क्या चाहा है और क्यों ? *2*

(ख) हमारे समाज के श्रमिक की कैसी दशा का चित्रण कवि ने किया है ? उसे वाणी देने से क्या तात्पर्य है ? *2*

(ग) आशय स्पष्ट कीजिए : *2*

"एक किरण से उसका भी माथा उद्भासित कर दो ।"

**अथवा**

मन समर्पित, तन समर्पित
और यह जीवन समर्पित
चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ !
माँ तुम्हारा ऋण बहुत है, मैं अकिंचन,
किंतु इतना कर रहा फिर भी निवेदन –
थाल में लाऊँ सजाकर भाल जब भी,
कर दया स्वीकार लेना यह समर्पण !

गान अर्पित, प्राण अर्पित,
रक्त का कण-कण समर्पित
चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ !
माँज दो तलवार को, कुछ हो न देरी,
बाँध दो कसकर कमर पर ढाल मेरी,
भाल पर मल दो चरण की धूल थोड़ी,
शीश पर आशीष की छाया घनेरी ।
स्वप्न अर्पित, प्रश्न अर्पित,
आयु का क्षण-क्षण समर्पित
चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ !

(क) तन-मन और जीवन समर्पित करने पर भी कवि के मन में कुछ और भी देने की इच्छा क्यों है ? *2*

(ख) मातृभूमि का ऋण चुकाने के लिए कवि क्या उपाय सुझाता है ? *2*

(ग) आशय स्पष्ट कीजिए : *2*
"चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ !"

## खण्ड ख

**3.** 'पद' किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए । *2*

**अथवा**

'शब्द' की परिभाषा दीजिए और लिखिए कि शब्द और पद में क्या अंतर है ?

**4.** नीचे लिखे वाक्यों में से ***किन्हीं तीन*** वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) सालाना इम्तिहान हुआ, भाईसाहब फेल हो गए । (मिश्र वाक्य में)

(ख) दो सौ आदमियों का जुलूस लाल बाज़ार गया और वहाँ पर गिरफ़्तार हो गया । (सरल वाक्य में)

(ग) लोग टोलियाँ बनाकर मैदान में घूमने लगे । (संयुक्त वाक्य में)

(घ) नूह ने उसकी बात सुनी और दुखी हो रोते रहे । (मिश्र वाक्य में)

**5.** (क) निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** पदों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

यथामति, आपबीती, वज्रदेह ।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** के समास-विग्रह को समस्त पद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

(i) आश्चर्य से चकित
(ii) षट् आनन हैं जिनके अर्थात् कार्तिकेय
(iii) डाल ही डाल में

**6.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** वाक्यों को शुद्ध करके पुन: लिखिए : *1×4=4*

(क) राष्ट्रपिता का देश सदा आभारी रहेगा ।

(ख) उसकी आँखों में आँसू बह रहा है ।

(ग) गर्म गाय का दूध लाओ ।

(घ) ये पुस्तक मेरे को नहीं चाहिए ।

(ङ) आप खाना खाकर विश्राम करो ।

**7.** ***किन्हीं दो*** मुहावरों का वाक्य में प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि आशय स्पष्ट हो जाए : *1×2=2*

(क) मुँह की खाना

(ख) आवाज़ उठाना

(ग) दो से चार बनाना

**खण्ड ग**

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

(क) बड़े भाईसाहब ने ज़िन्दगी के अनुभव और किताबी ज्ञान में से किसे महत्त्वपूर्ण कहा और क्यों ?

(ख) प्रकृति में आए असंतुलन का क्या परिणाम हुआ ? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए ।

(ग) 'प्रैक्टिकल आइडियलिस्ट' किसे कहते हैं ?

**अथवा**

कर्नल कालिंज का खेमा जंगल में क्यों लगा हुआ था ?

**9.** सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की क्या भूमिका थी ? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर सोदाहरण लिखिए । *5*

**अथवा**

लेखक के अनुसार सत्य केवल वर्तमान है, उसी में जीना चाहिए । आशय स्पष्ट करते हुए बताइए कि लेखक ने ऐसा क्यों कहा होगा । 'झेन की देन' पाठ के आधार पर लिखिए ।

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

(क) अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने क्या उपाय सुझाया है ?

(ख) 'कर चले हम फ़िदा' गीत की ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि क्या है ?

(ग) कम्पनी बाग में 'तोप' क्यों रखी गई है ?

**अथवा**

'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए कि पशु-प्रवृत्ति क्या है ।

**11.** वर्षा ऋतु में प्रकृति का रूप किस प्रकार परिवर्तित होता है ? 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए । *5*

**अथवा**

बिहारी के दोहों के आधार पर ग्रीष्म ऋतु की प्रचंडता और प्रभाव को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए ।

**12.** वर्तमान समाज में पारिवारिक संबंधों का क्या महत्त्व है ? 'हरिहर काका' कहानी में यह सच्चाई कैसे उजागर होती है ? *5*

**अथवा**

'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर तब के स्कूली बच्चों के पहनावे तथा खेल-कूद की तुलना आज के स्कूली बच्चों से कीजिए । दोनों में से आप किसे अच्छा समझते हैं और क्यों ?

**खण्ड घ**

**13.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) मित्रता
- मित्रता की आवश्यकता
- मित्र का चुनाव
- परस्पर संबंध

(ख) समय का सदुपयोग
- समय का महत्त्व
- सदुपयोग क्यों
- सदुपयोग कैसे

(ग) स्वच्छ भारत – स्वस्थ भारत
- स्वच्छता का अर्थ
- स्वच्छता की आवश्यकता
- हमारा कर्त्तव्य

**14.** आपके विद्यालय में 'खेल मैदान' का अभाव है । इसका उचित प्रबंध करवाने के लिए अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

वर्षा ऋतु के पश्चात् आपके इलाके में सड़कों का बुरा हाल है, जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं, जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है । इसकी शिकायत करते हुए नगर-निगम के अध्यक्ष को एक पत्र लिखिए ।

**15.** आप अपने विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव हैं । विद्यालय में आयोजित होने वाले 'रक्तदान शिविर' के बारे में 25 – 30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

खेल-कूद सचिव की ओर से विद्यालय में आयोजित होने वाली आगामी खेल-कूद प्रतियोगिता की तिथि और कार्यक्रम की सूचना लगभग 25 – 30 शब्दों में तैयार कीजिए ।

**16.** घरेलू काम-काज छोड़कर मतदान के लिए अनिच्छुक महिला और मतदान करके लौटी उसकी पड़ोसिन के बीच हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**अथवा**

नया मोबाइल फ़ोन खरीदे जाने के लिए आग्रह करने वाले पुत्र और उसके पिता के बीच हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए ।

**17.** नवयुवक दल के द्वारा मंचित किए जाने वाले नाटक की तिथि, टिकट दर और स्थान आदि के बारे में एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**अथवा**

अपने गाँव की दुग्ध सहकारी समिति की ओर से दूध, दही, घी, पनीर इत्यादि की दरों और बिक्री केंद्र का उल्लेख करते हुए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए ।

**SET-2**

**Series JMS/3**

कोड नं.
Code No. **4/3/2**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)
## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***निर्देश :*** *(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **चार** खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii)* *चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है ।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

भारत विशाल देश है । भौगोलिक दृष्टि से यहाँ संसार के सबसे ऊँचे पर्वत, बहुत ठंडे ग्लेशियर, जंगलों से ढके पहाड़, राजस्थान का उष्ण और लद्दाख का शीतल मरुस्थल, उपजाऊ मैदान, दक्षिणी पठार, सदानीरा नदियाँ, सुंदर-सुहावने समुद्री किनारे, चेरापूँजी जैसे अत्यधिक वर्षा वाले स्थान आदि हैं । लोगों के भिन्न-भिन्न रंग-रूप, रीति-रिवाज़ हैं । हिंदू, जैन, बौद्ध, सिख, मुसलमान और पारसी आदि विविध धर्मों को मानने वाले यहाँ मिलकर रहते हैं जो एक दुर्लभ विशेषता है । जनसंख्या की दृष्टि से संसार का दूसरा बड़ा देश भारत ही है । यह अनेकता रूपी रंगों की इंद्रधनुषी एकता के सूत्र में बँधा हुआ देश है । विश्व इसकी अनेकता में एकता देखकर चकित हो जाता है । भारत के गाँवों में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दरिद्र, दुर्बल और रोगी नहीं हैं, जिनको किसी प्रकार का अभाव नहीं; पर ऐसे लोग बहुत ही कम हैं । वे उँगलियों पर गिने जा सकते हैं । किंतु अधिकतर लोग ग़रीबी और अज्ञान के ऐसे शिकार हो गए हैं कि उनका जीवन पशुओं से भी गया-बीता बन गया है । ग़रीबी के कारण गंदगी उन्हें हर तरह से और हर तरफ़ से घेरे रहती है । ग़रीबी उन्हें आलसी बना देती है । कपड़ों का अभाव और जल का अभाव उन्हें गंदा रहने के लिए मज़बूर करता है । जिन गाँवों में कहीं-कहीं अच्छे कुएँ और तालाब हैं उनमें रहने वाले ग़रीब भी कपड़ों के अभाव के कारण सफ़ाई के साथ नहीं रह पाते । अनेक गाँवों में ग़रीबों को दूर-दूर के कुओं से सिर्फ़ पीने-भर को पानी लाना पड़ता है ।

स्वतंत्रता प्राप्ति के सात दशकों के बाद धीरे-धीरे उनके जीवन में परिवर्तन तो आया है किंतु गति बहुत धीमी है । आज भी उनमें बेरोज़गारी, अशिक्षा, अंधविश्वास व्याप्त है । समुचित चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है । उनके लिए विशेष प्रयास प्राथमिकता के स्तर पर करने होंगे ।

(क) भारत की भौगोलिक विशेषताएँ बताइए । *2*

(ख) दुर्लभ विशेषता किसे माना गया है और क्यों ? *2*

(ग) अनेकता में एकता से आप क्या समझते हैं ? कैसे कह सकते हैं कि भारत में यह विशेषता प्राप्त होती है ? *2*

(घ) भारतीय गाँवों की दशा पर टिप्पणी कीजिए । *2*

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

एक सुनहली किरण उसे भी दे दो
भटक रहा जो अँधियाली के वन में
लेकिन जिसके मन में
अभी शेष है चलने की अभिलाषा
एक सुनहली किरण उसे भी दे दो ।
मौन, कर्म में निरत,
बद्ध पिंजर में व्याकुल,
भूल गया जो दुख जतलाने वाली भाषा
उसको भी वाणी के कुछ क्षण दे दो ।
तुम जो सजा रहे हो
ऊँची फुनगी पर के ऊर्ध्वमुखी
नव-पल्लव पर आभा की किरणें,
तुम जो जगा रहे हो
दल के दल कमलों की आँखों के
सब सोए सपने
तुम जो बिखराते हो भू पर
राशि-राशि सोना
पथ को उद्‌भासित करने
एक किरण से
उसका भी माथा उद्‌भासित कर दो ।

(क) जो अज्ञान के अँधेरे में भटक रहा हो उसके लिए कवि ने क्या चाहा है और क्यों ? 2

(ख) हमारे समाज के श्रमिक की कैसी दशा का चित्रण कवि ने किया है ? उसे वाणी देने से क्या तात्पर्य है ? 2

(ग) आशय स्पष्ट कीजिए : 2

"एक किरण से उसका भी माथा उद्‌भासित कर दो ।"

**अथवा**

मन समर्पित, तन समर्पित
और यह जीवन समर्पित
चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ !
माँ तुम्हारा ऋण बहुत है, मैं अकिंचन,
किंतु इतना कर रहा फिर भी निवेदन –
थाल में लाऊँ सजाकर भाल जब भी,
कर दया स्वीकार लेना यह समर्पण !

गान अर्पित, प्राण अर्पित,
रक्त का कण-कण समर्पित
चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ !
माँज दो तलवार को, कुछ हो न देरी,
बाँध दो कसकर कमर पर ढाल मेरी,
भाल पर मल दो चरण की धूल थोड़ी,
शीश पर आशीष की छाया घनेरी ।
स्वप्न अर्पित, प्रश्न अर्पित,
आयु का क्षण-क्षण समर्पित
चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ !

(क) तन-मन और जीवन समर्पित करने पर भी कवि के मन में कुछ और भी देने की इच्छा क्यों है ? *2*

(ख) मातृभूमि का ऋण चुकाने के लिए कवि क्या उपाय सुझाता है ? *2*

(ग) आशय स्पष्ट कीजिए : *2*
"चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ !"

## खण्ड ख

**3.** 'पद' किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए । *2*

**अथवा**

'शब्द' की परिभाषा दीजिए और लिखिए कि शब्द और पद में क्या अंतर है ?

**4.** नीचे लिखे वाक्यों में से ***किन्हीं तीन*** वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) सालाना इम्तिहान हुआ, भाईसाहब फेल हो गए । (मिश्र वाक्य में)

(ख) दो सौ आदमियों का जुलूस लाल बाज़ार गया और वहाँ पर गिरफ़्तार हो गया । (सरल वाक्य में)

(ग) लोग टोलियाँ बनाकर मैदान में घूमने लगे । (संयुक्त वाक्य में)

(घ) नूह ने उसकी बात सुनी और दुखी हो रोते रहे । (मिश्र वाक्य में)

**5.** (क) निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** पदों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

यथामति, आपबीती, वज्रदेह ।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** के समास-विग्रह को समस्त पद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

(i) आश्चर्य से चकित
(ii) षट् आनन हैं जिनके अर्थात् कार्तिकेय
(iii) डाल ही डाल में

6. निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए : *1×4=4*

(क) क्या सरला ने शादी कर लिया है ?

(ख) गौतम गंभीर जीवन में कितने शतक बनाया ?

(ग) जब मैं पढ़ती थी, तब श्रीमती पटेल हिंदी पढ़ातीं थीं ।

(घ) अमरीका ने ईराक पर ज़ोरदार हमला करा था ।

(ङ) शोभना परीक्षा में सबसे अधिक अंक पाई थी ।

7. ***किन्हीं दो*** मुहावरों का वाक्य में प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि आशय स्पष्ट हो जाए : *1×2=2*

(क) मुँह की खाना

(ख) आवाज़ उठाना

(ग) दो से चार बनाना

**खण्ड ग**

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

(क) बड़े भाईसाहब ने ज़िन्दगी के अनुभव और किताबी ज्ञान में से किसे महत्त्वपूर्ण कहा और क्यों ?

(ख) प्रकृति में आए असंतुलन का क्या परिणाम हुआ ? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए ।

(ग) 'प्रैक्टिकल आइडियलिस्ट' किसे कहते हैं ?

**अथवा**

कर्नल कालिंज का खेमा जंगल में क्यों लगा हुआ था ?

9. कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि बड़े भाईसाहब के स्वभाव में कड़ाई क्यों दिखाई पड़ती है । कैसे कहा जा सकता है कि वस्तुतः उनके भीतर भी एक बच्चा बसता है जिसे वे दबाए रहते हैं ? *5*

**अथवा**

पाठ के आधार पर 'दूसरे के दुख में दुखी होने वाले' लोगों के स्वभाव से जुड़ी घटनाओं का उल्लेख कीजिए और लिखिए कि ऐसे लोग अब क्यों नहीं मिलते ।

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

(क) अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने क्या उपाय सुझाया है ?

(ख) 'कर चले हम फ़िदा' गीत की ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि क्या है ?

(ग) कम्पनी बाग में 'तोप' क्यों रखी गई है ?

**अथवा**

'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए कि पशु-प्रवृत्ति क्या है ।

**11.** कंपनी बाग में रखी तोप के अतीत और वर्तमान की स्थिति में अंतर स्पष्ट करते हुए प्रतिपादित कीजिए कि "कितनी भी बड़ी हो तोप, एक दिन तो होना ही है उसका मुख बंद ।" *5*

**अथवा**

उन मानवीय गुणों पर अपने विचार व्यक्त कीजिए जिनका उल्लेख कवि ने 'मनुष्यता' कविता में किया है ।

**12.** उन घटनाओं का उल्लेख कीजिए जिनके आधार पर हरिहर काका को अपने भाई और महंत एक ही श्रेणी के लगते थे । *5*

**अथवा**

'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर पी.टी. सर के स्वभाव की विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए ।

## खण्ड घ

**13.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) मित्रता
- मित्रता की आवश्यकता
- मित्र का चुनाव
- परस्पर संबंध

(ख) समय का सदुपयोग
- समय का महत्त्व
- सदुपयोग क्यों
- सदुपयोग कैसे

(ग) स्वच्छ भारत – स्वस्थ भारत
- स्वच्छता का अर्थ
- स्वच्छता की आवश्यकता
- हमारा कर्त्तव्य

**14.** निकट की ग़रीब बस्ती के कुछ ऐसे बच्चे मज़दूरी कर रहे हैं जिनकी उम्र कम है और जिन्हें स्कूल जाना चाहिए था, काम पर नहीं । अपने राज्य के समाज कल्याण मंत्री को पत्र लिखकर उपयुक्त उपाय करने का अनुरोध कीजिए । *5*

**अथवा**

अनजाने में हुई किसी चूक के कारण आपको विद्यालय द्वारा दंडित किया गया है । पत्र द्वारा अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए प्रधानाचार्य महोदय से दंड क्षमा करने का अनुरोध कीजिए ।

**15.** आप अपने विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव हैं । विद्यालय में आयोजित होने वाले 'रक्तदान शिविर' के बारे में 25 – 30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । 5

**अथवा**

खेल-कूद सचिव की ओर से विद्यालय में आयोजित होने वाली आगामी खेल-कूद प्रतियोगिता की तिथि और कार्यक्रम की सूचना लगभग 25 – 30 शब्दों में तैयार कीजिए ।

**16.** घरेलू काम-काज छोड़कर मतदान के लिए अनिच्छुक महिला और मतदान करके लौटी उसकी पड़ोसिन के बीच हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए । 5

**अथवा**

नया मोबाइल फ़ोन खरीदे जाने के लिए आग्रह करने वाले पुत्र और उसके पिता के बीच हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए ।

**17.** नवयुवक दल के द्वारा मंचित किए जाने वाले नाटक की तिथि, टिकट दर और स्थान आदि के बारे में एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में लिखिए । 5

**अथवा**

अपने गाँव की दुग्ध सहकारी समिति की ओर से दूध, दही, घी, पनीर इत्यादि की दरों और बिक्री केंद्र का उल्लेख करते हुए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए ।

**SET-3**

**Series JMS/3**

कोड नं.
Code No. **4/3/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)
## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***निर्देश :*** *(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***चार*** *खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii)* *चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना* ***अनिवार्य*** *है ।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

भारत विशाल देश है । भौगोलिक दृष्टि से यहाँ संसार के सबसे ऊँचे पर्वत, बहुत ठंडे ग्लेशियर, जंगलों से ढके पहाड़, राजस्थान का उष्ण और लद्दाख का शीतल मरुस्थल, उपजाऊ मैदान, दक्षिणी पठार, सदानीरा नदियाँ, सुंदर-सुहावने समुद्री किनारे, चेरापूँजी जैसे अत्यधिक वर्षा वाले स्थान आदि हैं । लोगों के भिन्न-भिन्न रंग-रूप, रीति-रिवाज़ हैं । हिंदू, जैन, बौद्ध, सिख, मुसलमान और पारसी आदि विविध धर्मों को मानने वाले यहाँ मिलकर रहते हैं जो एक दुर्लभ विशेषता है । जनसंख्या की दृष्टि से संसार का दूसरा बड़ा देश भारत ही है । यह अनेकता रूपी रंगों की इंद्रधनुषी एकता के सूत्र में बँधा हुआ देश है । विश्व इसकी अनेकता में एकता देखकर चकित हो जाता है । भारत के गाँवों में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दरिद्र, दुर्बल और रोगी नहीं हैं, जिनको किसी प्रकार का अभाव नहीं; पर ऐसे लोग बहुत ही कम हैं । वे उँगलियों पर गिने जा सकते हैं । किंतु अधिकतर लोग ग़रीबी और अज्ञान के ऐसे शिकार हो गए हैं कि उनका जीवन पशुओं से भी गया-बीता बन गया है । ग़रीबी के कारण गंदगी उन्हें हर तरह से और हर तरफ़ से घेरे रहती है । ग़रीबी उन्हें आलसी बना देती है । कपड़ों का अभाव और जल का अभाव उन्हें गंदा रहने के लिए मज़बूर करता है । जिन गाँवों में कहीं-कहीं अच्छे कुएँ और तालाब हैं उनमें रहने वाले ग़रीब भी कपड़ों के अभाव के कारण सफ़ाई के साथ नहीं रह पाते । अनेक गाँवों में ग़रीबों को दूर-दूर के कुओं से सिर्फ़ पीने-भर को पानी लाना पड़ता है ।

स्वतंत्रता प्राप्ति के सात दशकों के बाद धीरे-धीरे उनके जीवन में परिवर्तन तो आया है किंतु गति बहुत धीमी है । आज भी उनमें बेरोज़गारी, अशिक्षा, अंधविश्वास व्याप्त है । समुचित चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है । उनके लिए विशेष प्रयास प्राथमिकता के स्तर पर करने होंगे ।

(क) भारत की भौगोलिक विशेषताएँ बताइए । *2*

(ख) दुर्लभ विशेषता किसे माना गया है और क्यों ? *2*

(ग) अनेकता में एकता से आप क्या समझते हैं ? कैसे कह सकते हैं कि भारत में यह विशेषता प्राप्त होती है ? *2*

(घ) भारतीय गाँवों की दशा पर टिप्पणी कीजिए । *2*

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

एक सुनहली किरण उसे भी दे दो
भटक रहा जो अँधियाली के वन में
लेकिन जिसके मन में
अभी शेष है चलने की अभिलाषा
एक सुनहली किरण उसे भी दे दो ।
मौन, कर्म में निरत,
बद्ध पिंजर में व्याकुल,
भूल गया जो दुख जतलाने वाली भाषा
उसको भी वाणी के कुछ क्षण दे दो ।
तुम जो सजा रहे हो
ऊँची फुनगी पर के ऊर्ध्वमुखी
नव-पल्लव पर आभा की किरणें,
तुम जो जगा रहे हो
दल के दल कमलों की आँखों के
सब सोए सपने
तुम जो बिखराते हो भू पर
राशि-राशि सोना
पथ को उद्‌भासित करने
एक किरण से
उसका भी माथा उद्‌भासित कर दो ।

(क) जो अज्ञान के अँधेरे में भटक रहा हो उसके लिए कवि ने क्या चाहा है और क्यों ? 2

(ख) हमारे समाज के श्रमिक की कैसी दशा का चित्रण कवि ने किया है ? उसे वाणी देने से क्या तात्पर्य है ? 2

(ग) आशय स्पष्ट कीजिए : 2

"एक किरण से उसका भी माथा उद्‌भासित कर दो ।"

**अथवा**

मन समर्पित, तन समर्पित
और यह जीवन समर्पित
चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ !
माँ तुम्हारा ऋण बहुत है, मैं अकिंचन,
किंतु इतना कर रहा फिर भी निवेदन –
थाल में लाऊँ सजाकर भाल जब भी,
कर दया स्वीकार लेना यह समर्पण !

गान अर्पित, प्राण अर्पित,
रक्त का कण-कण समर्पित
चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ !
    माँज दो तलवार को, कुछ हो न देरी,
    बाँध दो कसकर कमर पर ढाल मेरी,
भाल पर मल दो चरण की धूल थोड़ी,
शीश पर आशीष की छाया घनेरी ।
स्वप्न अर्पित, प्रश्न अर्पित,
आयु का क्षण-क्षण समर्पित
चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ !

(क) तन-मन और जीवन समर्पित करने पर भी कवि के मन में कुछ और भी देने की इच्छा क्यों है ? *2*

(ख) मातृभूमि का ऋण चुकाने के लिए कवि क्या उपाय सुझाता है ? *2*

(ग) आशय स्पष्ट कीजिए : *2*
"चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ !"

## खण्ड ख

**3.** 'पद' किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए । *2*

**अथवा**

'शब्द' की परिभाषा दीजिए और लिखिए कि शब्द और पद में क्या अंतर है ?

**4.** नीचे लिखे वाक्यों में से ***किन्हीं तीन*** वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) सालाना इम्तिहान हुआ, भाईसाहब फेल हो गए । (मिश्र वाक्य में)

(ख) दो सौ आदमियों का जुलूस लाल बाज़ार गया और वहाँ पर गिरफ़्तार हो गया । (सरल वाक्य में)

(ग) लोग टोलियाँ बनाकर मैदान में घूमने लगे । (संयुक्त वाक्य में)

(घ) नूह ने उसकी बात सुनी और दुखी हो रोते रहे । (मिश्र वाक्य में)

**5.** (क) निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** पदों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

यथामति, आपबीती, वज्रदेह ।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** के समास-विग्रह को समस्त पद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

(i) आश्चर्य से चकित
(ii) षट् आनन हैं जिनके अर्थात् कार्तिकेय
(iii) डाल ही डाल में

**6.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** वाक्यों को शुद्ध करके पुन: लिखिए : *1×4=4*

(क) काश, कितना शांत स्थान है !

(ख) शायद आज पिताजी अवश्य लौटेंगे ।

(ग) मेरा सौभाग्य कि आप जैसे सज्जन पुरुष घर पर पधारे ।

(घ) प्रगीत भारतीय सेना में बड़ा अधिकारी लगा हुआ है ।

(ङ) भाइयों-बहनों, आप लोग शांति से बैठिए ।

**7.** ***किन्हीं दो*** मुहावरों का वाक्य में प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि आशय स्पष्ट हो जाए : *1×2=2*

(क) मुँह की खाना

(ख) आवाज़ उठाना

(ग) दो से चार बनाना

**खण्ड ग**

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

(क) बड़े भाईसाहब ने ज़िन्दगी के अनुभव और किताबी ज्ञान में से किसे महत्त्वपूर्ण कहा और क्यों ?

(ख) प्रकृति में आए असंतुलन का क्या परिणाम हुआ ? ‘अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले’ पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए ।

(ग) ‘प्रैक्टिकल आइडियलिस्ट’ किसे कहते हैं ?

**अथवा**

कर्नल कालिंज का खेमा जंगल में क्यों लगा हुआ था ?

**9.** ‘डायरी का एक पन्ना’ के आधार पर 26 जनवरी 1931 को कोलकाता में घटी उन विशिष्ट घटनाओं का उल्लेख कीजिए जिनसे यह दिन अविस्मरणीय हो गया । *5*

**अथवा**

‘झेन की देन’ वस्तुत: क्या है ? उसकी विधि समझाते हुए लिखिए कि जापान के मनोरुग्ण युवकों को इससे क्या लाभ हो सकता है ?

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

(क) अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने क्या उपाय सुझाया है ?

(ख) ‘कर चले हम फ़िदा’ गीत की ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि क्या है ?

(ग) कम्पनी बाग में ‘तोप’ क्यों रखी गई है ?

**अथवा**

‘मनुष्यता’ कविता के आधार पर लिखिए कि पशु-प्रवृत्ति क्या है ।

**11.** 'पर्वत प्रदेश में पावस' के आधार पर प्रकृति के दो सबसे मनोरम दृश्यों का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए । *5*

**अथवा**

'कर चले हम फ़िदा' की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि समझाते हुए लिखिए कि यह गीत आज भी लोकप्रिय क्यों है ।

**12.** 'अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की अच्छी समझ रखते हैं ।' सोदाहरण सिद्ध कीजिए । *5*

**अथवा**

'सपनों के-से दिन' पाठ से लगता है कि तब विद्यालयों में अनुशासन का पालन कठोरता से करवाया जाता था । फिर भी पी.टी. सर पीतमचंद को काम से क्यों निकलवा दिया गया ? उन्हें वापस काम पर लौटने में क्या अड़चनें थीं ?

## खण्ड घ

**13.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) मित्रता
- मित्रता की आवश्यकता
- मित्र का चुनाव
- परस्पर संबंध

(ख) समय का सदुपयोग
- समय का महत्त्व
- सदुपयोग क्यों
- सदुपयोग कैसे

(ग) स्वच्छ भारत – स्वस्थ भारत
- स्वच्छता का अर्थ
- स्वच्छता की आवश्यकता
- हमारा कर्त्तव्य

**14.** आपके क्षेत्र में बरसात में नालियों और सड़कों में फैली गंदगी से रोग फैलते थे किंतु इस वर्ष ऐसा कुछ नहीं हुआ । इस सुव्यवस्था की सराहना करते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

पड़ोस के दूसरे विद्यालय में उनके आमंत्रण पर फुटबॉल मैच में आपकी टीम के साथ दुर्भावनापूर्ण व्यवहार हुआ और उससे निर्णय भी प्रभावित हुआ । टीम के कैप्टेन होने के नाते अपने प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए और उपयुक्त कदम उठाने का अनुरोध कीजिए ।

**15.** आप अपने विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव हैं । विद्यालय में आयोजित होने वाले 'रक्तदान शिविर' के बारे में 25 – 30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

खेल-कूद सचिव की ओर से विद्यालय में आयोजित होने वाली आगामी खेल-कूद प्रतियोगिता की तिथि और कार्यक्रम की सूचना लगभग 25 – 30 शब्दों में तैयार कीजिए ।

**16.** घरेलू काम-काज छोड़कर मतदान के लिए अनिच्छुक महिला और मतदान करके लौटी उसकी पड़ोसिन के बीच हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**अथवा**

नया मोबाइल फ़ोन खरीदे जाने के लिए आग्रह करने वाले पुत्र और उसके पिता के बीच हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए ।

**17.** नवयुवक दल के द्वारा मंचित किए जाने वाले नाटक की तिथि, टिकट दर और स्थान आदि के बारे में एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**अथवा**

अपने गाँव की दुग्ध सहकारी समिति की ओर से दूध, दही, घी, पनीर इत्यादि की दरों और बिक्री केंद्र का उल्लेख करते हुए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए ।

**SET-1**

**Series JMS/4**

कोड नं.
Code No. **4/4/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)

## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

***निर्देश :***

*(i) इस प्रश्न-पत्र में **चार** खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii) चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है ।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

शिक्षा व्यक्ति और समाज दोनों के विकास के लिए अनिवार्य है । अज्ञान के अंधकार में जीना तो मृत्यु से भी अधिक कष्टकर है । ज्ञान के प्रकाश से ही जीवन के रहस्य खुलते हैं और हमें अपनी पहचान मिलती है । शिक्षा मनुष्य को मस्तिष्क और देह का उचित प्रयोग करना सिखाती है । वह शिक्षा जो मानव को पाठ्य-पुस्तकों के ज्ञान के अतिरिक्त कुछ गंभीर चिंतन न दे, व्यर्थ है । यदि हमारी शिक्षा सुसंस्कृत, सभ्य, सच्चरित्र एवं अच्छे नागरिक नहीं बना सकती, तो उससे क्या लाभ ? सहृदय, सच्चा परंतु अनपढ़ मज़दूर उस स्नातक से कहीं अच्छा है जो निर्दय और चरित्रहीन है । संसार के सभी वैभव और सुख-साधन भी मनुष्य को तब तक सुखी नहीं बना सकते जब तक कि मनुष्य को आत्मिक ज्ञान न हो । हमारे कुछ अधिकार व उत्तरदायित्व भी हैं । शिक्षित व्यक्ति को अपने उत्तरदायित्वों और कर्तव्यों का उतना ही ध्यान रखना चाहिए जितना कि अधिकारों का क्योंकि उत्तरदायित्व निभाने और कर्तव्य करने के बाद ही हम अधिकार पाने के अधिकारी बनते हैं ।

(क) अज्ञान में जीवित रहना मृत्यु से अधिक कष्टकर है, ऐसा क्यों कहा गया है ? *2*

(ख) शिक्षा के किन्हीं दो लाभों को समझाइए । *2*

(ग) अधिकारों और कर्तव्यों का पारस्परिक संबंध समझाइए । *2*

(घ) शिक्षा व्यक्ति और समाज दोनों के विकास के लिए क्यों आवश्यक है ? *2*

(ङ) इस गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

लक्ष्मण-रेखा के दास तटों तक जाकर ही फिर जाते हैं,
वर्जित समुद्र में नाव लिए स्वाधीन वीर ही जाते हैं ।
आज़ादी है अधिकार खोज की नई राह पर पाने का,
आज़ादी है अधिकार नए द्वीपों का पता लगाने का ।
रोटी उसकी, जिसका अनाज, जिसकी ज़मीन, जिसका श्रम है,
अब कौन उलट सकता स्वतंत्रता का सुसिद्ध, सीधा क्रम है ।
आज़ादी है अधिकार परिश्रम का पुनीत फल पाने का,
आज़ादी है अधिकार शोषणों की धज्जियाँ उड़ाने का ।

(क) 'लक्ष्मण रेखा' का तात्पर्य कविता में क्या है ? उसके दास क्या नहीं कर पाते ?

(ख) स्वतंत्रता हमें क्या-क्या अधिकार देती है ?

(ग) स्वतंत्रता का 'सुसिद्ध सीधा क्रम' क्या है ? आशय स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

आओ, हम सब अब हिंदुस्तानी ही रह जाएँ !
पहले एक साथ चलकर समंदर में
हम अपनी-अपनी जातियाँ धो आएँ,
और तोड़ दें अपने-अपने प्रांतों की सीमाएँ,
जिससे बंगाली, गुजराती, मराठी, मद्रासी आदि
हमारी सारी संज्ञाएँ मिट जाएँ
और हम सब केवल हिंदुस्तानी ही रह जाएँ !

हममें हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई भी अब कोई न रहे,
हममें हर आदमी अपना धर्म अब बस एक ही कहे
और बस एक ही मंदिर हो हमारा –
यह देश,
चाहो तो उसे मस्जिद कहो, गिरजा या गरुद्वारा,
जिसकी रक्षा में हम जिएँ या मर जाएँ !
आओ, अब हम सब केवल हिंदुस्तानी ही रह जाएँ !

(क) समुद्र में जातियाँ धोकर आने से कवि का क्या आशय है ?

(ख) आशय समझाइए – 'बस एक ही मंदिर हो हमारा'

(ग) हमारी अलग-अलग पहचानें क्या हैं ? उन्हें एक में कैसे समेटा जा सकता है ?

## खण्ड ख

**3.** 'शब्द' और 'पद' में क्या अंतर है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । *2*

**अथवा**

शब्द के पद बनने पर क्या परिवर्तन होता है ? उदाहरण देकर समझाइए ।

**4.** नीचे लिखे वाक्यों में से ***किन्हीं तीन*** वाक्यों का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) जब सूर्योदय हुआ तो चिड़ियाँ चहचहाने लगीं । (सरल वाक्य में)

(ख) वामीरो से मिलने के बाद तताँरा के जीवन में परिवर्तन आया । (मिश्र वाक्य में)

(ग) हम परस्पर सहयोग से रहकर एक-दूसरे का हित करें । (संयुक्त वाक्य में)

(घ) नींव कच्ची होने पर मकान कमजोर रहता है । (मिश्र वाक्य में)

**5.** (क) निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** पदों का समास-विग्रह करके समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

पुराणपुरुष, मदांध, परोपकार

(ख) निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** को समस्त पद में परिवर्तित कर समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

(i) चार मुख हैं जिसके

(ii) कमल जैसे चरण

(iii) कन्या का दान

**6.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : *1×4=4*

(क) यह सुंदर कविता किस छात्र ने लिखा ?

(ख) वह एक फूल की माला बाजार से लाया ।

(ग) अब जो मेट्रो आएगी उसमें आठ डिब्बों होंगे ।

(घ) स्वयं छात्र खुद परिश्रम कर रहा है ।

(ङ) ताजा गाय का दूध स्वास्थ्य के लिए हितकर होता है ।

**7.** ***किन्हीं दो*** रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए : *1×2=2*

(क) वे हर बात में ______________ अड़ाते हैं ।

(ख) भारतीय सैनिकों ने दुश्मन के _______________ छुड़ा दिए ।

(ग) उसकी लॉटरी क्या खुल गई कि उसके _______________ पड़ रहे ।

**खण्ड ग**

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) छोटे भाई को बड़े भाई की किन बातों से लघुता का अनुभव हुआ और क्यों ? *2*

(ख) सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज ने क्या भूमिका निभाई और कैसे ? *2*

(ग) अरब में लश्कर को नूह के नाम से क्यों याद किया जाता है ? *1*

**अथवा**

भूत, भविष्य और वर्तमान में किसे सत्य माना गया है ? 'झेन की देन' पाठ के आधार पर लिखिए ।

**9.** 'टी सेरेमनी' क्या है ? 'झेन की देन' पाठ के आधार पर विस्तार से लिखिए । *5*

**अथवा**

व्यवहारवादी और आदर्शवादी लोगों में क्या अंतर है ? समाज को शाश्वत मूल्य किसने दिए हैं ?

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) कबीर ने कैसी वाणी बोलने की सलाह दी है ? उसके क्या-क्या लाभ बताए गए हैं ? *2*

(ख) 'मनुष्यता' कविता में उदार व्यक्ति की क्या पहचान बताई गई है और उसके लिए क्या भाव व्यक्त किए गए हैं ? *2*

(ग) 'आमंत्रण' कविता में कवि सहायक के न मिलने पर क्या प्रार्थना करता है ? *1*

**अथवा**

"पर्वत प्रदेश में पावस" में शाल वृक्ष के भयभीत होकर धरती में धँसने की बात क्यों कही गई है ?

**11.** 'तोप' कविता से तोप के बारे में मिलने वाली जानकारी का विवरण देते हुए बताइए कि कंपनी बाग में रखी तोप का अतीत और वर्तमान क्या है । *5*

**अथवा**

'कर चले हम फ़िदा' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए ।

**12.** 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर पुष्टि कीजिए कि टोपी और इफ़्फ़न के संबंध धर्म से नहीं, मानवीय संबंधों से निर्धारित थे । *5*

**अथवा**

समाज में रिश्तों का क्या महत्त्व है ? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

## खण्ड घ

**13.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) पुस्तक की आत्मकथा

- मै हूँ
- मेरी विशेष बातें
- क्या सोचते हैं लोग मेरे बारे में

(ख) समय का सदुपयोग

- क्यों
- कैसे
- दुरुपयोग के ख़तरे

(ग) प्यारा देश न्यारा देश

- देश के बारे में
- प्यारा क्यों ?
- न्यारा क्यों ?

**14.** अपने क्षेत्र में बढ़ते हुए अपराधों की रोक-थाम के लिए थानाध्यक्ष को पत्र लिखकर निवेदन कीजिए । *5*

**अथवा**

'परिवहन विभाग' के प्रबंधक को पत्र लिखकर बसों को निर्धारित समय पर चलाने का आग्रह कीजिए ।

**15.** आप विद्यालय की छात्र कल्याण-परिषद् के सचिव हैं । विद्यालय में होने वाले वार्षिक-उत्सव में भाग लेने के इच्छुक छात्रों के नाम आमंत्रित करने के लिए 25-30 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

अपने मोहल्ले की सुधार-समिति के सचिव की ओर से 'स्वच्छता पखवाड़ा' कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक लोगों के लिए 25-30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए ।

**16.** किसी नई फ़िल्म को देखने के बाद लौटे दो मित्रों के बीच के संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**अथवा**

अपने विद्यालय के नाट्य उत्सव के उद्‌घाटन सत्र की अध्यक्षता करने के लिए एक प्रतिष्ठित नाटककार को आमंत्रित करने आप उनसे मिलते हैं । आप दोनों के बीच हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए ।

**17.** आपके पिता अपना पुराना मकान बेचना चाहते हैं । मकान का विवरण देते हुए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

आप अपने घर का पुराना सोफा-सेट तथा अन्य फर्नीचर बेचना चाहते हैं । उसकी जानकारी देते हुए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**SET-2**

**Series JMS/4**

कोड नं.
Code No. **4/4/2**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)
## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

***निर्देश :*** *(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **चार** खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii)* *चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है ।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

शिक्षा व्यक्ति और समाज दोनों के विकास के लिए अनिवार्य है । अज्ञान के अंधकार में जीना तो मृत्यु से भी अधिक कष्टकर है । ज्ञान के प्रकाश से ही जीवन के रहस्य खुलते हैं और हमें अपनी पहचान मिलती है । शिक्षा मनुष्य को मस्तिष्क और देह का उचित प्रयोग करना सिखाती है । वह शिक्षा जो मानव को पाठ्य-पुस्तकों के ज्ञान के अतिरिक्त कुछ गंभीर चिंतन न दे, व्यर्थ है । यदि हमारी शिक्षा सुसंस्कृत, सभ्य, सच्चरित्र एवं अच्छे नागरिक नहीं बना सकती, तो उससे क्या लाभ ? सहृदय, सच्चा परंतु अनपढ़ मज़दूर उस स्नातक से कहीं अच्छा है जो निर्दय और चरित्रहीन है । संसार के सभी वैभव और सुख-साधन भी मनुष्य को तब तक सुखी नहीं बना सकते जब तक कि मनुष्य को आत्मिक ज्ञान न हो । हमारे कुछ अधिकार व उत्तरदायित्व भी हैं । शिक्षित व्यक्ति को अपने उत्तरदायित्वों और कर्तव्यों का उतना ही ध्यान रखना चाहिए जितना कि अधिकारों का क्योंकि उत्तरदायित्व निभाने और कर्तव्य करने के बाद ही हम अधिकार पाने के अधिकारी बनते हैं ।

(क) अज्ञान में जीवित रहना मृत्यु से अधिक कष्टकर है, ऐसा क्यों कहा गया है ? *2*

(ख) शिक्षा के किन्हीं दो लाभों को समझाइए । *2*

(ग) अधिकारों और कर्तव्यों का पारस्परिक संबंध समझाइए । *2*

(घ) शिक्षा व्यक्ति और समाज दोनों के विकास के लिए क्यों आवश्यक है ? *2*

(ङ) इस गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

लक्ष्मण-रेखा के दास तटों तक जाकर ही फिर जाते हैं,
वर्जित समुद्र में नाव लिए स्वाधीन वीर ही जाते हैं ।
आज़ादी है अधिकार खोज की नई राह पर पाने का,
आज़ादी है अधिकार नए द्वीपों का पता लगाने का ।
रोटी उसकी, जिसका अनाज, जिसकी ज़मीन, जिसका श्रम है,
अब कौन उलट सकता स्वतंत्रता का सुसिद्ध, सीधा क्रम है ।
आज़ादी है अधिकार परिश्रम का पुनीत फल पाने का,
आज़ादी है अधिकार शोषणों की धज्जियाँ उड़ाने का ।

(क) 'लक्ष्मण रेखा' का तात्पर्य कविता में क्या है ? उसके दास क्या नहीं कर पाते ?

(ख) स्वतंत्रता हमें क्या-क्या अधिकार देती है ?

(ग) स्वतंत्रता का 'सुसिद्ध सीधा क्रम' क्या है ? आशय स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

आओ, हम सब अब हिंदुस्तानी ही रह जाएँ !
पहले एक साथ चलकर समंदर में
हम अपनी-अपनी जातियाँ धो आएँ,
और तोड़ दें अपने-अपने प्रांतों की सीमाएँ,
जिससे बंगाली, गुजराती, मराठी, मद्रासी आदि
हमारी सारी संज्ञाएँ मिट जाएँ
और हम सब केवल हिंदुस्तानी ही रह जाएँ !

हममें हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई भी अब कोई न रहे,
हममें हर आदमी अपना धर्म अब बस एक ही कहे
और बस एक ही मंदिर हो हमारा –
यह देश,
चाहो तो उसे मस्जिद कहो, गिरजा या गरुद्वारा,
जिसकी रक्षा में हम जिएँ या मर जाएँ !
आओ, अब हम सब केवल हिंदुस्तानी ही रह जाएँ !

(क) समुद्र में जातियाँ धोकर आने से कवि का क्या आशय है ?

(ख) आशय समझाइए – 'बस एक ही मंदिर हो हमारा'

(ग) हमारी अलग-अलग पहचानें क्या हैं ? उन्हें एक में कैसे समेटा जा सकता है ?

## खण्ड ख

**3.** 'शब्द' और 'पद' में क्या अंतर है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । *2*

**अथवा**

शब्द के पद बनने पर क्या परिवर्तन होता है ? उदाहरण देकर समझाइए ।

**4.** नीचे लिखे वाक्यों में से ***किन्हीं तीन*** वाक्यों का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) जब सूर्योदय हुआ तो चिड़ियाँ चहचहाने लगीं । (सरल वाक्य में)

(ख) वामीरो से मिलने के बाद तताँरा के जीवन में परिवर्तन आया । (मिश्र वाक्य में)

(ग) हम परस्पर सहयोग से रहकर एक-दूसरे का हित करें । (संयुक्त वाक्य में)

(घ) नींव कच्ची होने पर मकान कमजोर रहता है । (मिश्र वाक्य में)

**5.** (क) निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** पदों का समास-विग्रह करके समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

पुराणपुरुष, मदांध, परोपकार

(ख) निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** को समस्त पद में परिवर्तित कर समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

(i) चार मुख हैं जिसके

(ii) कमल जैसे चरण

(iii) कन्या का दान

**6.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : *1×4=4*

(क) रोटी को कुत्ता ने ले गया है ।

(ख) घोड़े का लगाम तो कस लीजिए ।

(ग) मैंने अच्छे पत्र-पत्रिकाएँ पढ़े हैं ।

(घ) भागते हुए राम ने हिरण का पीछा किया ।

(ङ) कोहली का स्वभाव क्रोध है ।

**7.** ***किन्हीं दो*** रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए : *1×2=2*

(क) वे हर बात में ____________ अड़ाते हैं ।

(ख) भारतीय सैनिकों ने दुश्मन के _____________ छुड़ा दिए ।

(ग) उसकी लॉटरी क्या खुल गई कि उसके _____________ पड़ रहे ।

## खण्ड ग

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) छोटे भाई को बड़े भाई की किन बातों से लघुता का अनुभव हुआ और क्यों ? *2*

(ख) सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज ने क्या भूमिका निभाई और कैसे ? *2*

(ग) अरब में लश्कर को नूह के नाम से क्यों याद किया जाता है ? *1*

**अथवा**

भूत, भविष्य और वर्तमान में किसे सत्य माना गया है ? 'झेन की देन' पाठ के आधार पर लिखिए ।

**9.** जापान में अधिकांश लोगों को मानसिक रोग होने के क्या कारण बताए गए हैं ? चा-नो-यू इसमें किस प्रकार सहायक है ? 'झेन की देन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । *5*

**अथवा**

'बड़ा भाई यदि पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद में भाग लेता तो पढ़ाई में भी अच्छा होता' – इस कथन के पक्ष या विपक्ष में 'बड़े भाईसाहब' कहानी के आधार पर अपने विचार तर्क सहित दीजिए ।

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) कबीर ने कैसी वाणी बोलने की सलाह दी है ? उसके क्या-क्या लाभ बताए गए हैं ? *2*

(ख) 'मनुष्यता' कविता में उदार व्यक्ति की क्या पहचान बताई गई है और उसके लिए क्या भाव व्यक्त किए गए हैं ? *2*

(ग) 'आमंत्रण' कविता में कवि सहायक के न मिलने पर क्या प्रार्थना करता है ? *1*

**अथवा**

"पर्वत प्रदेश में पावस" में शाल वृक्ष के भयभीत होकर धरती में धँसने की बात क्यों कही गई है ?

**11.** पठित साखियों के आधार पर वाणी तथा सुखी और निंदक के बारे में कबीर के विचारों पर चर्चा कीजिए । 5

**अथवा**

बिहारी के दोहों के आधार पर ग्रीष्म ऋतु की प्रचंडता और प्रभाव का वर्णन कीजिए ।

**12.** बुद्धिमान होते हुए भी टोपी नवीं कक्षा में दो बार फेल हो गया । इस घटना का दोष उसकी पारिवारिक स्थितियों को दिया जाए या शिक्षा व्यवस्था को ? अपने तर्क सम्मत विचार दीजिए । 5

**अथवा**

एक जागरूक पत्रकार के नाते आप अपने पाठकों को हरिहर काका की दशा के बारे में क्या-क्या बताना चाहेंगे ? एक अनुच्छेद के रूप में लिखिए ।

## खण्ड घ

**13.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 5

(क) पुस्तक की आत्मकथा

- मै हूँ
- मेरी विशेष बातें
- क्या सोचते हैं लोग मेरे बारे में

(ख) समय का सदुपयोग

- क्यों
- कैसे
- दुरुपयोग के ख़तरे

(ग) प्यारा देश न्यारा देश

- देश के बारे में
- प्यारा क्यों ?
- न्यारा क्यों ?

**14.** नाटक के पूर्वाभ्यास के समय कुछ विद्यार्थियों को धूम्रपान करते हुए पकड़े जाने पर उन्होंने प्रशिक्षक के साथ अभद्र व्यवहार किया । पत्र लिखकर इसकी शिकायत प्रधानाचार्य से कीजिए । *5*

**अथवा**

एक बस कंडक्टर ने बहादुरी दिखाकर एक महिला यात्री से अभद्र व्यवहार करने वाले दो जनों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया । घटना की संक्षिप्त जानकारी देते हुए परिवहन विभाग के प्रबंधक से अनुरोध कीजिए कि उक्त कंडक्टर को पुरस्कृत किया जाए ।

**15.** आप विद्यालय की छात्र कल्याण-परिषद् के सचिव हैं । विद्यालय में होने वाले वार्षिक-उत्सव में भाग लेने के इच्छुक छात्रों के नाम आमंत्रित करने के लिए 25-30 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

अपने मोहल्ले की सुधार-समिति के सचिव की ओर से 'स्वच्छता पखवाड़ा' कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक लोगों के लिए 25-30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए ।

**16.** किसी नई फ़िल्म को देखने के बाद लौटे दो मित्रों के बीच के संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**अथवा**

अपने विद्यालय के नाट्य उत्सव के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करने के लिए एक प्रतिष्ठित नाटककार को आमंत्रित करने आप उनसे मिलते हैं । आप दोनों के बीच हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए ।

**17.** आपके पिता अपना पुराना मकान बेचना चाहते हैं । मकान का विवरण देते हुए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

आप अपने घर का पुराना सोफा-सेट तथा अन्य फर्नीचर बेचना चाहते हैं । उसकी जानकारी देते हुए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

SET-3

**Series JMS/4**

कोड नं.
Code No. **4/4/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी
# HINDI
## (पाठ्यक्रम ब)
## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***निर्देश :*** *(i) इस प्रश्न-पत्र में **चार** खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii) चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है ।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

शिक्षा व्यक्ति और समाज दोनों के विकास के लिए अनिवार्य है । अज्ञान के अंधकार में जीना तो मृत्यु से भी अधिक कष्टकर है । ज्ञान के प्रकाश से ही जीवन के रहस्य खुलते हैं और हमें अपनी पहचान मिलती है । शिक्षा मनुष्य को मस्तिष्क और देह का उचित प्रयोग करना सिखाती है । वह शिक्षा जो मानव को पाठ्य-पुस्तकों के ज्ञान के अतिरिक्त कुछ गंभीर चिंतन न दे, व्यर्थ है । यदि हमारी शिक्षा सुसंस्कृत, सभ्य, सच्चरित्र एवं अच्छे नागरिक नहीं बना सकती, तो उससे क्या लाभ ? सहृदय, सच्चा परंतु अनपढ़ मज़दूर उस स्नातक से कहीं अच्छा है जो निर्दय और चरित्रहीन है । संसार के सभी वैभव और सुख-साधन भी मनुष्य को तब तक सुखी नहीं बना सकते जब तक कि मनुष्य को आत्मिक ज्ञान न हो । हमारे कुछ अधिकार व उत्तरदायित्व भी हैं । शिक्षित व्यक्ति को अपने उत्तरदायित्वों और कर्तव्यों का उतना ही ध्यान रखना चाहिए जितना कि अधिकारों का क्योंकि उत्तरदायित्व निभाने और कर्तव्य करने के बाद ही हम अधिकार पाने के अधिकारी बनते हैं ।

(क) अज्ञान में जीवित रहना मृत्यु से अधिक कष्टकर है, ऐसा क्यों कहा गया है ? *2*

(ख) शिक्षा के किन्हीं दो लाभों को समझाइए । *2*

(ग) अधिकारों और कर्तव्यों का पारस्परिक संबंध समझाइए । *2*

(घ) शिक्षा व्यक्ति और समाज दोनों के विकास के लिए क्यों आवश्यक है ? *2*

(ङ) इस गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

लक्ष्मण-रेखा के दास तटों तक जाकर ही फिर जाते हैं,
वर्जित समुद्र में नाव लिए स्वाधीन वीर ही जाते हैं ।
आज़ादी है अधिकार खोज की नई राह पर पाने का,
आज़ादी है अधिकार नए द्वीपों का पता लगाने का ।
रोटी उसकी, जिसका अनाज, जिसकी ज़मीन, जिसका श्रम है,
अब कौन उलट सकता स्वतंत्रता का सुसिद्ध, सीधा क्रम है ।
आज़ादी है अधिकार परिश्रम का पुनीत फल पाने का,
आज़ादी है अधिकार शोषणों की धज्जियाँ उड़ाने का ।

(क) 'लक्ष्मण रेखा' का तात्पर्य कविता में क्या है ? उसके दास क्या नहीं कर पाते ?

(ख) स्वतंत्रता हमें क्या-क्या अधिकार देती है ?

(ग) स्वतंत्रता का 'सुसिद्ध सीधा क्रम' क्या है ? आशय स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

आओ, हम सब अब हिंदुस्तानी ही रह जाएँ !
पहले एक साथ चलकर समंदर में
हम अपनी-अपनी जातियाँ धो आएँ,
और तोड़ दें अपने-अपने प्रांतों की सीमाएँ,
जिससे बंगाली, गुजराती, मराठी, मद्रासी आदि
हमारी सारी संज्ञाएँ मिट जाएँ
और हम सब केवल हिंदुस्तानी ही रह जाएँ !

हममें हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई भी अब कोई न रहे,
हममें हर आदमी अपना धर्म अब बस एक ही कहे
और बस एक ही मंदिर हो हमारा –
यह देश,
चाहो तो उसे मस्जिद कहो, गिरजा या गरुद्वारा,
जिसकी रक्षा में हम जिएँ या मर जाएँ !
आओ, अब हम सब केवल हिंदुस्तानी ही रह जाएँ !

(क) समुद्र में जातियाँ धोकर आने से कवि का क्या आशय है ?

(ख) आशय समझाइए – 'बस एक ही मंदिर हो हमारा'

(ग) हमारी अलग-अलग पहचानें क्या हैं ? उन्हें एक में कैसे समेटा जा सकता है ?

## खण्ड ख

**3.** 'शब्द' और 'पद' में क्या अंतर है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । *2*

**अथवा**

शब्द के पद बनने पर क्या परिवर्तन होता है ? उदाहरण देकर समझाइए ।

**4.** नीचे लिखे वाक्यों में से ***किन्हीं तीन*** वाक्यों का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) जब सूर्योदय हुआ तो चिड़ियाँ चहचहाने लगीं । (सरल वाक्य में)

(ख) वामीरो से मिलने के बाद तताँरा के जीवन में परिवर्तन आया । (मिश्र वाक्य में)

(ग) हम परस्पर सहयोग से रहकर एक-दूसरे का हित करें । (संयुक्त वाक्य में)

(घ) नींव कच्ची होने पर मकान कमजोर रहता है । (मिश्र वाक्य में)

**5.** (क) निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** पदों का समास-विग्रह करके समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

पुराणपुरुष, मदांध, परोपकार

(ख) निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** को समस्त पद में परिवर्तित कर समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

(i) चार मुख हैं जिसके

(ii) कमल जैसे चरण

(iii) कन्या का दान

**6.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : *1×4=4*

(क) भाई साहब और मैं फेल पास हो गए ।

(ख) विरासत में मिली चीजों की सँभाल होना चाहिए ।

(ग) आप जब मिलने आएँ तो फोन कर लेना ।

(घ) हमने तो घर पहुँचते ही सारा बात बता दिया था ।

(ङ) लड़का लोग को समझाइए तो वे मान जाएँगे ।

**7.** ***किन्हीं दो*** रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए : *1×2=2*

(क) वे हर बात में ____________ अड़ाते हैं ।

(ख) भारतीय सैनिकों ने दुश्मन के _____________ छुड़ा दिए ।

(ग) उसकी लॉटरी क्या खुल गई कि उसके _____________ पड़ रहे ।

## खण्ड ग

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) छोटे भाई को बड़े भाई की किन बातों से लघुता का अनुभव हुआ और क्यों ? *2*

(ख) सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज ने क्या भूमिका निभाई और कैसे ? *2*

(ग) अरब में लश्कर को नूह के नाम से क्यों याद किया जाता है ? *1*

**अथवा**

भूत, भविष्य और वर्तमान में किसे सत्य माना गया है ? 'झेन की देन' पाठ के आधार पर लिखिए ।

**9.** बड़े भाईसाहब ने जीवन के अनुभवों और पुस्तकीय ज्ञान में से किसे अच्छा कहा है और क्यों ? उनके विचारों पर अपनी टिप्पणी भी कीजिए । *5*

**अथवा**

शुद्ध सोने और गिन्नी के सोने में क्या अंतर है ? इस प्रसंग में महात्मा गांधी की चर्चा लेखक ने क्यों की है ?

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) कबीर ने कैसी वाणी बोलने की सलाह दी है ? उसके क्या-क्या लाभ बताए गए हैं ? *2*

(ख) 'मनुष्यता' कविता में उदार व्यक्ति की क्या पहचान बताई गई है और उसके लिए क्या भाव व्यक्त किए गए हैं ? *2*

(ग) 'आमंत्रण' कविता में कवि सहायक के न मिलने पर क्या प्रार्थना करता है ? *1*

**अथवा**

"पर्वत प्रदेश में पावस" में शाल वृक्ष के भयभीत होकर धरती में धँसने की बात क्यों कही गई है ?

**11.** कविता के आधार पर पर्वतीय प्रदेश में वर्षा का सुंदर चित्रण अपने शब्दों में कीजिए । *5*

**अथवा**

'मनुष्यता' कविता में कवि ने किन मानवीय गुणों की चर्चा की है ? उन पर अपने विचार दीजिए ।

**12.** 'सपनों के-से दिन' संस्मरण में पी.टी. साहब के स्वभाव की विशेषताएँ सोदाहरण लिखिए । *5*

**अथवा**

"अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की अच्छी समझ रखते हैं ।" कहानी के आधार पर सोदाहरण पुष्टि कीजिए ।

## खण्ड घ

**13.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) पुस्तक की आत्मकथा
- मै हूँ
- मेरी विशेष बातें
- क्या सोचते हैं लोग मेरे बारे में

(ख) समय का सदुपयोग
- क्यों
- कैसे
- दुरुपयोग के ख़तरे

(ग) प्यारा देश न्यारा देश
- देश के बारे में
- प्यारा क्यों ?
- न्यारा क्यों ?

**14.** विद्यालय में अनजाने ही आप से जो चूक हुई उसके कारण आपको दंड दिया गया है । तब से आपकी माँ आप से बोल नहीं रही है । अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

आवारा कुत्तों के कारण आपकी बस्ती में जो समस्या आ गई है उसका विवरण देते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को शीघ्र उपाय करने का अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए ।

**15.** आप विद्यालय की छात्र कल्याण-परिषद् के सचिव हैं । विद्यालय में होने वाले वार्षिक-उत्सव में भाग लेने के इच्छुक छात्रों के नाम आमंत्रित करने के लिए 25-30 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

अपने मोहल्ले की सुधार-समिति के सचिव की ओर से 'स्वच्छता पखवाड़ा' कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक लोगों के लिए 25-30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए ।

**16.** किसी नई फ़िल्म को देखने के बाद लौटे दो मित्रों के बीच के संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**अथवा**

अपने विद्यालय के नाट्य उत्सव के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करने के लिए एक प्रतिष्ठित नाटककार को आमंत्रित करने आप उनसे मिलते हैं । आप दोनों के बीच हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए ।

**17.** आपके पिता अपना पुराना मकान बेचना चाहते हैं । मकान का विवरण देते हुए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

आप अपने घर का पुराना सोफा-सेट तथा अन्य फर्नीचर बेचना चाहते हैं । उसकी जानकारी देते हुए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**SET-1**

**Series JMS/5**

कोड नं.
Code No. **4/5/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)

## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **चार** खण्ड हैं– क, ख, ग और घ ।*

*(ii)* *चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है ।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

खनन के उपरांत खदानों वाले स्थानों को गहरी खाइयों और मलबे के साथ खुला छोड़ दिया जाता है । खनन के कारण झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उड़ीसा जैसे राज्यों में वनोन्मूलन भूमि निम्नीकरण का कारण बना है । गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में अति पशुचारण भूमि निम्नीकरण का मुख्य कारण है । पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में अधिक सिंचाई भूमि निम्नीकरण के लिए उत्तरदायी है । अति सिंचन से उत्पन्न जलाक्रांतता भी भूमि निम्नीकरण के लिए उत्तरदायी है जिससे मृदा में लवणीयता और क्षारीयता बढ़ जाती है । खनिज प्रक्रियाएँ जैसे सीमेंट उद्योग में चूना पत्थर को पीसना और मृदा बर्तन उद्योग में चूने (खड़िया मृदा) और सेलखड़ी के प्रयोग से बहुत अधिक मात्रा में वायुमंडल में धूल विसर्जित होती है । जब इसकी परत भूमि पर जम जाती है तो मृदा की जल सोखने की प्रक्रिया अवरुद्ध हो जाती है । पिछले कुछ वर्षों से देश के विभिन्न भागों में औद्योगिक जल निकास से बाहर आने वाला अपशिष्ट पदार्थ भूमि और जल प्रदूषण का मुख्य स्रोत है ।

भूमि निम्नीकरण की समस्याओं को सुलझाने के कई तरीके हैं । वनारोपण और चरागाहों का उचित प्रबंधन इसमें कुछ हद तक मदद कर सकते हैं । पेड़ों की रक्षक मेखला, पशुचारण नियंत्रण और रेतीले टीलों को काँटेदार झाड़ियाँ लगाकर स्थिर बनाने की प्रक्रिया से भी भूमि कटाव की रोकथाम की जा सकती है । बंजर भूमि के उचित प्रबंधन, खनन नियंत्रण और औद्योगिक जल को परिष्करण के पश्चात विसर्जित करके जल और भूमि प्रदूषण को कम किया जा सकता है ।

(क) भूमि निम्नीकरण के क्या-क्या कारण बताए गए हैं ? *2*

(ख) खनन कार्य किस प्रकार निम्नीकरण का कारण बनता है ? *2*

(ग) चूना और सेलखड़ी से क्या दुष्प्रभाव होता है ? *2*

(घ) भूमि निम्नीकरण की समस्या के क्या समाधान हो सकते हैं ? *2*

(ङ) उपर्युक्त अवतरण के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

देश यह वंदनीय मेरा, धरा अभिनंदनीय मेरी !
नमन हर घाटी को मेरा, नमन इस माटी को मेरा !
यहाँ होता नित स्वर्ण प्रभात, विहँसकर खिलें कली सुकुमार,
अरुण किरणों से चूम कपोल, दिवाकर देता जिन्हें दुलार ।
प्रात के प्रहरी गाते गीत, शंख, घंटों की सुन झंकार,
अजाँ, गुरुग्रंथ, वेद का पाठ, करें मंदिर-मस्जिद-गुरुद्वार ।
सभी का अल्ला-ईश्वर एक, एक सब ही का है ईमान,

यहाँ पर रहें एक ही साथ, हमारी गीता और कुरान ।
ये मंदिर पूजनीय मेरे, ये मस्जिद वंदनीय मेरी !
धरा अभिनंदनीय मेरी !
यद्यपि भाषाएँ यहाँ अनेक, लेकिन उनका साहित्य एक,
सूर, तुलसी, मीरा, रसखान, कबीरा मिल गाते सुर हैं एक ।
संस्कृति पगे प्रेम में यहाँ, सत्य का होता है उद्घोष ।
विषमता में समता है यहाँ, अमन का करते हम जयघोष ।
यहाँ पर काशी और काबा, यहाँ अपना प्यारा कश्मीर,
धरा का स्वर्ग यहाँ हरिद्वार, बसी मथुरा यमुना के तीर ।
हिमालय पूजनीय मेरा, ये गंगा वंदनीय मेरी !
धरा अभिनंदनीय मेरी !

(क) देश के प्रभात का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

(ख) कवि देश में सभी धर्मों की एकता के बारे में क्या कहता है ? अपने शब्दों में लिखिए ।

(ग) देश की भाषा और संस्कृति में निहित समता के बारे में कवि के क्या विचार हैं ?

**अथवा**

जो रुकावट डालकर होवे कोई पर्वत खड़ा,
तो उसे देते हैं अपनी युक्तियों से वे उड़ा ।
बीच में पड़कर जलधि जो काम देवे गड़बड़ा,
तो बना देंगे उसे वे क्षुद्र पानी का घड़ा ।
वन खंगालेंगे, करेंगे व्योम में बाजीगरी,
कुछ अजब धुन काम के करने की उनमें है भरी ।
सब तरह से आज जितने देश हैं फूले-फले,
बुद्धि, विद्या, धन विभव के हैं जहाँ डेरे डले ।
वे बनाने से उन्हीं के बन गए इतने भले,
वे सभी हैं हाथ से ऐसे सपूतों के पले ।
लोग जब ऐसे समय पाकर जनम लेंगे कभी,
देश की औ जाति की होगी भलाई भी तभी ।

(क) कर्मवीर और साहसी लोग पर्वत और समुद्र जैसी बाधाओं से कैसे पार पाते हैं ?

(ख) कर्मवीरों की 'अज़ब धुन' को अपने शब्दों में समझाइए ।

(ग) विश्व में प्रत्येक दिशा में प्रगति कर रहे देशों के निर्माण के पीछे किनका हाथ है ? अपने देश के बारे में क्या अपेक्षा की गई है ?

## खण्ड ख

**3.** 'शब्द' 'पद' कब बन जाता है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । *2*

**अथवा**

वाक्य में प्रयोग करने पर 'शब्द' को क्या कहा जाता है ? उदाहरण देकर समझाइए ।

**4.** नीचे लिखे वाक्यों में से ***किन्हीं तीन*** वाक्यों का निर्देशानुसार वाक्य-रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) कठिन परिश्रम करने के बाद वह परीक्षा में उत्तीर्ण हो सका । (संयुक्त वाक्य में)

(ख) सुबह माताजी जल्दी उठीं और सबको जगाया । (सरल वाक्य में)

(ग) बरसात होने पर सूरज छिप जाता है । (मिश्र वाक्य में)

(घ) दोनों कबूतर खिड़की के बाहर पहुँचकर उदास हो बैठ गए । (संयुक्त वाक्य में)

**5.** (क) निम्नलिखित शब्दों में से ***किन्हीं दो*** पदों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

(i) यथासमय

(ii) दुर्भाग्य

(iii) देश-विदेश

(ख) निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** को समस्त-पद में परिवर्तित कर समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

(i) स्वर्ण के आभूषण

(ii) भविष्य की बात कहने वाला

(iii) तीन कोणों का समूह

**6.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : *1×4=4*

(क) कृपया एक दिन का अवकाश देने की कृपा करें ।

(ख) माताजी बुला रहे हैं ।

(ग) यह केवल एकमात्र ठहरने का स्थान है ।

(घ) तुमको तो मैं पहले ही बोला था ।

(ङ) मेरे को खाने में सेब अच्छा लगता है ।

**7.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए : *1×2=2*

(क) जब राम ने श्याम से उधार दिए पैसे वापिस माँगे तो उसने _____________ दिया ।

(ख) वे तो सुबह से ही नेताजी की बाट ____________ रहे थे ।

(ग) मेरी सफलता का समाचार सुनकर दादी _____________ रही हैं ।

## खण्ड ग

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) बड़े भाईसाहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थीं ? *2*

(ख) सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की क्या भूमिका थी ? *2*

(ग) निकोबार के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे ? *1*

**अथवा**

प्रकृति में आए असंतुलन का क्या परिणाम हुआ ? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए ।

**9.** जापान में मानसिक रोग बढ़ने के क्या-क्या कारण बताए गए हैं ? इसके समाधान में 'चा-नो-यू' कैसे सहायक है ? "झेन की देन" पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । *5*

**अथवा**

वज़ीर अली कौन था ? उसकी जांबाज़ी का उदाहरण देते हुए उसके व्यक्तित्व की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए ।

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) कबीर ने ईश्वर के कण-कण में बसे होने की बात कैसे समझाई है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । *2*

(ख) 'मनुष्यता' कविता में कवि ने क्या संदेश दिया है ? अपने शब्दों में लिखिए । *2*

(ग) 'कर चले हम फ़िदा' कविता में दुलहन किसे कहा गया है ? *1*

**अथवा**

'आत्मत्राण' कविता में कवि सहायक के न मिलने पर क्या प्रार्थना करता है ?

**11.** 'तोप' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए । *5*

**अथवा**

'पर्वत प्रदेश में पावस' के आधार पर पावस ऋतु में प्रकृति में आने वाले परिवर्तनों का उल्लेख अपने शब्दों में कीजिए ।

**12.** 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर लिखिए कि हरिहर काका को जबरन उठा ले जाने वाले व्यक्ति कौन थे । उन्होंने उनके साथ कैसा व्यवहार किया ? *5*

**अथवा**

'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर पी.टी. सर की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख अपने शब्दों में कीजिए ।

## खण्ड घ

**13.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) देश के निर्माण में युवाओं की भूमिका
- देश में बदलाव
- युवा क्या करें
- क्या न करें

(ख) कामकाजी महिला का एक दिन
- दिन का प्रारंभ
- दिन भर की व्यस्तता
- घरेलू मोर्चे पर

(ग) क्यों आवश्यक है सहनशीलता
- सहनशीलता का अर्थ
- कब आवश्यक
- क्यों आवश्यक

**14.** विद्यालय में शुद्ध पेय जल की व्यवस्था कराने हेतु विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

पुस्तक विक्रय केन्द्र के प्रबंधक को हिंदी के नवीनतम शब्दकोश को वी.पी.पी. द्वारा भेजने के लिए पत्र लिखिए ।

**15.** आप मोहल्ला सुधार समिति के सचिव हैं । मोहल्ले में गणतंत्र-दिवस आयोजन में भाग लेने के इच्छुक बच्चों के लिए 25-30 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

'बाल दिवस' समारोह के अवसर पर विद्यालय में मनाए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के संक्षिप्त विवरण सहित 25-30 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए ।

**16.** किसी विद्यालय द्वारा अचानक फीस बढ़ाए जाने के विषय पर दो अभिभावकों के बीच होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**अथवा**

डेंगू बुखार से पीड़ित मरीज और डॉक्टर के बीच सावधानी बरतने हेतु हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए ।

**17.** गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को नि:शुल्क नृत्य सिखाने के लिए 'नटराज' संस्थान की ओर से अधिक से अधिक बच्चों को प्रवेश लेने हेतु लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

आप अपनी पुरानी बाइक को यथाशीघ्र बेचना चाहते हैं । बाइक का विवरण बताते हुए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

SET-2

Series JMS/5

कोड नं.
Code No. **4/5/2**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)

## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **चार** खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii)* *चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है ।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

खनन के उपरांत खदानों वाले स्थानों को गहरी खाइयों और मलबे के साथ खुला छोड़ दिया जाता है । खनन के कारण झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उड़ीसा जैसे राज्यों में वनोन्मूलन भूमि निम्नीकरण का कारण बना है । गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में अति पशुचारण भूमि निम्नीकरण का मुख्य कारण है । पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में अधिक सिंचाई भूमि निम्नीकरण के लिए उत्तरदायी है । अति सिंचन से उत्पन्न जलाक्रांतता भी भूमि निम्नीकरण के लिए उत्तरदायी है जिससे मृदा में लवणीयता और क्षारीयता बढ़ जाती है । खनिज प्रक्रियाएँ जैसे सीमेंट उद्योग में चूना पत्थर को पीसना और मृदा बर्तन उद्योग में चूने (खड़िया मृदा) और सेलखड़ी के प्रयोग से बहुत अधिक मात्रा में वायुमंडल में धूल विसर्जित होती है । जब इसकी परत भूमि पर जम जाती है तो मृदा की जल सोखने की प्रक्रिया अवरुद्ध हो जाती है । पिछले कुछ वर्षों से देश के विभिन्न भागों में औद्योगिक जल निकास से बाहर आने वाला अपशिष्ट पदार्थ भूमि और जल प्रदूषण का मुख्य स्रोत है ।

भूमि निम्नीकरण की समस्याओं को सुलझाने के कई तरीके हैं । वनारोपण और चरागाहों का उचित प्रबंधन इसमें कुछ हद तक मदद कर सकते हैं । पेड़ों की रक्षक मेखला, पशुचारण नियंत्रण और रेतीले टीलों को काँटेदार झाड़ियाँ लगाकर स्थिर बनाने की प्रक्रिया से भी भूमि कटाव की रोकथाम की जा सकती है । बंजर भूमि के उचित प्रबंधन, खनन नियंत्रण और औद्योगिक जल को परिष्करण के पश्चात विसर्जित करके जल और भूमि प्रदूषण को कम किया जा सकता है ।

(क) भूमि निम्नीकरण के क्या-क्या कारण बताए गए हैं ? *2*

(ख) खनन कार्य किस प्रकार निम्नीकरण का कारण बनता है ? *2*

(ग) चूना और सेलखड़ी से क्या दुष्प्रभाव होता है ? *2*

(घ) भूमि निम्नीकरण की समस्या के क्या समाधान हो सकते हैं ? *2*

(ङ) उपर्युक्त अवतरण के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

देश यह वंदनीय मेरा, धरा अभिनंदनीय मेरी !
नमन हर घाटी को मेरा, नमन इस माटी को मेरा !
यहाँ होता नित स्वर्ण प्रभात, विहँसकर खिलें कली सुकुमार,
अरुण किरणों से चूम कपोल, दिवाकर देता जिन्हें दुलार ।
प्रात के प्रहरी गाते गीत, शंख, घंटों की सुन झंकार,
अजाँ, गुरुग्रंथ, वेद का पाठ, करें मंदिर-मस्जिद-गुरुद्वार ।
सभी का अल्ला-ईश्वर एक, एक सब ही का है ईमान,

यहाँ पर रहें एक ही साथ, हमारी गीता और कुरान ।
ये मंदिर पूजनीय मेरे, ये मस्जिद वंदनीय मेरी !
धरा अभिनंदनीय मेरी !
यद्यपि भाषाएँ यहाँ अनेक, लेकिन उनका साहित्य एक,
सूर, तुलसी, मीरा, रसखान, कबीरा मिल गाते सुर हैं एक ।
संस्कृति पगे प्रेम में यहाँ, सत्य का होता है उद्घोष ।
विषमता में समता है यहाँ, अमन का करते हम जयघोष ।
यहाँ पर काशी और काबा, यहाँ अपना प्यारा कश्मीर,
धरा का स्वर्ग यहाँ हरिद्वार, बसी मथुरा यमुना के तीर ।
हिमालय पूजनीय मेरा, ये गंगा वंदनीय मेरी !
धरा अभिनंदनीय मेरी !

(क) देश के प्रभात का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

(ख) कवि देश में सभी धर्मों की एकता के बारे में क्या कहता है ? अपने शब्दों में लिखिए ।

(ग) देश की भाषा और संस्कृति में निहित समता के बारे में कवि के क्या विचार हैं ?

**अथवा**

जो रुकावट डालकर होवे कोई पर्वत खड़ा,
तो उसे देते हैं अपनी युक्तियों से वे उड़ा ।
बीच में पड़कर जलधि जो काम देवे गड़बड़ा,
तो बना देंगे उसे वे क्षुद्र पानी का घड़ा ।
वन खंगालेंगे, करेंगे व्योम में बाजीगरी,
कुछ अजब धुन काम के करने की उनमें है भरी ।
सब तरह से आज जितने देश हैं फूले-फले,
बुद्धि, विद्या, धन विभव के हैं जहाँ डेरे डले ।
वे बनाने से उन्हीं के बन गए इतने भले,
वे सभी हैं हाथ से ऐसे सपूतों के पले ।
लोग जब ऐसे समय पाकर जनम लेंगे कभी,
देश की औ जाति की होगी भलाई भी तभी ।

(क) कर्मवीर और साहसी लोग पर्वत और समुद्र जैसी बाधाओं से कैसे पार पाते हैं ?

(ख) कर्मवीरों की 'अज़ब धुन' को अपने शब्दों में समझाइए ।

(ग) विश्व में प्रत्येक दिशा में प्रगति कर रहे देशों के निर्माण के पीछे किनका हाथ है ? अपने देश के बारे में क्या अपेक्षा की गई है ?

## खण्ड ख

**3.** 'शब्द' 'पद' कब बन जाता है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । *2*

**अथवा**

वाक्य में प्रयोग करने पर 'शब्द' को क्या कहा जाता है ? उदाहरण देकर समझाइए ।

**4.** नीचे लिखे वाक्यों में से ***किन्हीं तीन*** वाक्यों का निर्देशानुसार वाक्य-रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) कठिन परिश्रम करने के बाद वह परीक्षा में उत्तीर्ण हो सका । (संयुक्त वाक्य में)

(ख) सुबह माताजी जल्दी उठीं और सबको जगाया । (सरल वाक्य में)

(ग) बरसात होने पर सूरज छिप जाता है । (मिश्र वाक्य में)

(घ) दोनों कबूतर खिड़की के बाहर पहुँचकर उदास हो बैठ गए । (संयुक्त वाक्य में)

**5.** (क) निम्नलिखित शब्दों में से ***किन्हीं दो*** पदों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

(i) यथासमय

(ii) दुर्भाग्य

(iii) देश-विदेश

(ख) निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** को समस्त-पद में परिवर्तित कर समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

(i) स्वर्ण के आभूषण

(ii) भविष्य की बात कहने वाला

(iii) तीन कोणों का समूह

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : *1×4=4*

(क) निबंध में सभी वाक्य सुगठित होना चाहिए ।

(ख) मैंने पूछा तो आप कुछ बताए ही नहीं ।

(ग) तुम बैठो और तुम्हारी पुस्तक पढ़ो ।

(घ) आपने कहाँ जाना है बहिन जी ?

(ङ) आप कैसे कह सकते हो कि खबर सच्ची है ?

**7.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए : *1×2=2*

(क) जब राम ने श्याम से उधार दिए पैसे वापिस माँगे तो उसने ____________ दिया ।

(ख) वे तो सुबह से ही नेताजी की बाट ____________ रहे थे ।

(ग) मेरी सफलता का समाचार सुनकर दादी ____________ रही हैं ।

## खण्ड ग

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) बड़े भाईसाहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थीं ? *2*

(ख) सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की क्या भूमिका थी ? *2*

(ग) निकोबार के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे ? *1*

**अथवा**

प्रकृति में आए असंतुलन का क्या परिणाम हुआ ? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए ।

**9.** निदा फ़ाज़ली के लेख के आधार पर लिखिए कि पर्यावरण के प्रति क्या-क्या अवहेलनाएँ की जा रही हैं और उनके क्या परिणाम हो रहे हैं । *5*

**अथवा**

गिन्नी का सोना और शुद्ध सोना में क्या अंतर है ? इस चर्चा में गांधी जी का नाम लेखक ने क्यों लिया है ?

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) कबीर ने ईश्वर के कण-कण में बसे होने की बात कैसे समझाई है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । *2*

(ख) 'मनुष्यता' कविता में कवि ने क्या संदेश दिया है ? अपने शब्दों में लिखिए । *2*

(ग) 'कर चले हम फ़िदा' कविता में दुलहन किसे कहा गया है ? *1*

**अथवा**

'आत्मत्राण' कविता में कवि सहायक के न मिलने पर क्या प्रार्थना करता है ?

**11.** वर्षा ऋतु में पर्वतीय सौंदर्य पर एक अनुच्छेद सुमित्रानंदन पंत की कविता के आलोक में लिखिए । *5*

**अथवा**

श्रीकृष्ण को पाने के लिए मीराबाई क्या-क्या सेवाएँ स्वयं करने को प्रस्तुत है ? ऐसी भक्ति को आप क्या नाम देंगे ?

**12.** 'सपनों के-से दिन' संस्मरण के आधार पर लिखिए कि पी.टी. साहब को विद्यालय से क्यों निकाल दिया गया । हेडमास्टर साहब के इस कदम पर अपने विचार व्यक्त कीजिए । *5*

**अथवा**

इफ़्फ़न और टोपी की मित्रता के आलोक में सांप्रदायिक सौहार्द्र पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए ।

## खण्ड घ

**13.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) देश के निर्माण में युवाओं की भूमिका

- देश में बदलाव
- युवा क्या करें
- क्या न करें

(ख) कामकाजी महिला का एक दिन

- दिन का प्रारंभ
- दिन भर की व्यस्तता
- घरेलू मोर्चे पर

(ग) क्यों आवश्यक है सहनशीलता

- सहनशीलता का अर्थ
- कब आवश्यक
- क्यों आवश्यक

**14.** अपने क्षेत्र के विधायक को पत्र लिखिए कि आपकी बस्ती में पुस्तकालय होना क्यों आवश्यक है । इसे प्रारंभ करने का आग्रह करते हुए अनुरोध कीजिए कि अपनी विधायक निधि से कुछ राशि देकर वे पुस्तकालय प्रारंभ करवाएँ । *5*

**अथवा**

किसी समाचार-पत्र के संपादक को भिखारी समस्या पर पत्र लिखकर उसका समाधान करवाने का आग्रह कीजिए ।

**15.** आप मोहल्ला सुधार समिति के सचिव हैं । मोहल्ले में गणतंत्र-दिवस आयोजन में भाग लेने के इच्छुक बच्चों के लिए 25-30 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

'बाल दिवस' समारोह के अवसर पर विद्यालय में मनाए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के संक्षिप्त विवरण सहित 25-30 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए ।

**16.** किसी विद्यालय द्वारा अचानक फीस बढ़ाए जाने के विषय पर दो अभिभावकों के बीच होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**अथवा**

डेंगू बुखार से पीड़ित मरीज और डॉक्टर के बीच सावधानी बरतने हेतु हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए ।

**17.** गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को नि:शुल्क नृत्य सिखाने के लिए 'नटराज' संस्थान की ओर से अधिक से अधिक बच्चों को प्रवेश लेने हेतु लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

आप अपनी पुरानी बाइक को यथाशीघ्र बेचना चाहते हैं । बाइक का विवरण बताते हुए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**SET-3**

**Series JMS/5**

कोड नं.
**Code No. 4/5/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी
# HINDI
## (पाठ्यक्रम ब)
## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***चार*** *खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii)* *चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना* ***अनिवार्य*** *है ।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

खनन के उपरांत खदानों वाले स्थानों को गहरी खाइयों और मलबे के साथ खुला छोड़ दिया जाता है । खनन के कारण झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उड़ीसा जैसे राज्यों में वनोन्मूलन भूमि निम्नीकरण का कारण बना है । गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में अति पशुचारण भूमि निम्नीकरण का मुख्य कारण है । पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में अधिक सिंचाई भूमि निम्नीकरण के लिए उत्तरदायी है । अति सिंचन से उत्पन्न जलाक्रांतता भी भूमि निम्नीकरण के लिए उत्तरदायी है जिससे मृदा में लवणीयता और क्षारीयता बढ़ जाती है । खनिज प्रक्रियाएँ जैसे सीमेंट उद्योग में चूना पत्थर को पीसना और मृदा बर्तन उद्योग में चूने (खड़िया मृदा) और सेलखड़ी के प्रयोग से बहुत अधिक मात्रा में वायुमंडल में धूल विसर्जित होती है । जब इसकी परत भूमि पर जम जाती है तो मृदा की जल सोखने की प्रक्रिया अवरुद्ध हो जाती है । पिछले कुछ वर्षों से देश के विभिन्न भागों में औद्योगिक जल निकास से बाहर आने वाला अपशिष्ट पदार्थ भूमि और जल प्रदूषण का मुख्य स्रोत है ।

भूमि निम्नीकरण की समस्याओं को सुलझाने के कई तरीके हैं । वनारोपण और चरागाहों का उचित प्रबंधन इसमें कुछ हद तक मदद कर सकते हैं । पेड़ों की रक्षक मेखला, पशुचारण नियंत्रण और रेतीले टीलों को काँटेदार झाड़ियाँ लगाकर स्थिर बनाने की प्रक्रिया से भी भूमि कटाव की रोकथाम की जा सकती है । बंजर भूमि के उचित प्रबंधन, खनन नियंत्रण और औद्योगिक जल को परिष्करण के पश्चात विसर्जित करके जल और भूमि प्रदूषण को कम किया जा सकता है ।

(क) भूमि निम्नीकरण के क्या-क्या कारण बताए गए हैं ? *2*

(ख) खनन कार्य किस प्रकार निम्नीकरण का कारण बनता है ? *2*

(ग) चूना और सेलखड़ी से क्या दुष्प्रभाव होता है ? *2*

(घ) भूमि निम्नीकरण की समस्या के क्या समाधान हो सकते हैं ? *2*

(ङ) उपर्युक्त अवतरण के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

देश यह वंदनीय मेरा, धरा अभिनंदनीय मेरी !
नमन हर घाटी को मेरा, नमन इस माटी को मेरा !
यहाँ होता नित स्वर्ण प्रभात, विहँसकर खिलें कली सुकुमार,
अरुण किरणों से चूम कपोल, दिवाकर देता जिन्हें दुलार ।
प्रात के प्रहरी गाते गीत, शंख, घंटों की सुन झंकार,
अजाँ, गुरुग्रंथ, वेद का पाठ, करें मंदिर-मस्जिद-गुरुद्वार ।
सभी का अल्ला-ईश्वर एक, एक सब ही का है ईमान,

यहाँ पर रहें एक ही साथ, हमारी गीता और कुरान ।
ये मंदिर पूजनीय मेरे, ये मस्जिद वंदनीय मेरी !
धरा अभिनंदनीय मेरी !
यद्यपि भाषाएँ यहाँ अनेक, लेकिन उनका साहित्य एक,
सूर, तुलसी, मीरा, रसखान, कबीरा मिल गाते सुर हैं एक ।
संस्कृति पगे प्रेम में यहाँ, सत्य का होता है उद्घोष ।
विषमता में समता है यहाँ, अमन का करते हम जयघोष ।
यहाँ पर काशी और काबा, यहाँ अपना प्यारा कश्मीर,
धरा का स्वर्ग यहाँ हरिद्वार, बसी मथुरा यमुना के तीर ।
हिमालय पूजनीय मेरा, ये गंगा वंदनीय मेरी !
धरा अभिनंदनीय मेरी !

(क) देश के प्रभात का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

(ख) कवि देश में सभी धर्मों की एकता के बारे में क्या कहता है ? अपने शब्दों में लिखिए ।

(ग) देश की भाषा और संस्कृति में निहित समता के बारे में कवि के क्या विचार हैं ?

**अथवा**

जो रुकावट डालकर होवे कोई पर्वत खड़ा,
तो उसे देते हैं अपनी युक्तियों से वे उड़ा ।
बीच में पड़कर जलधि जो काम देवे गड़बड़ा,
तो बना देंगे उसे वे क्षुद्र पानी का घड़ा ।
वन खंगालेंगे, करेंगे व्योम में बाजीगरी,
कुछ अजब धुन काम के करने की उनमें है भरी ।
सब तरह से आज जितने देश हैं फूले-फले,
बुद्धि, विद्या, धन विभव के हैं जहाँ डेरे डले ।
वे बनाने से उन्हीं के बन गए इतने भले,
वे सभी हैं हाथ से ऐसे सपूतों के पले ।
लोग जब ऐसे समय पाकर जनम लेंगे कभी,
देश की औ जाति की होगी भलाई भी तभी ।

(क) कर्मवीर और साहसी लोग पर्वत और समुद्र जैसी बाधाओं से कैसे पार पाते हैं ?

(ख) कर्मवीरों की ‘अज़ब धुन’ को अपने शब्दों में समझाइए ।

(ग) विश्व में प्रत्येक दिशा में प्रगति कर रहे देशों के निर्माण के पीछे किनका हाथ है ? अपने देश के बारे में क्या अपेक्षा की गई है ?

## खण्ड ख

**3.** 'शब्द' 'पद' कब बन जाता है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । *2*

**अथवा**

वाक्य में प्रयोग करने पर 'शब्द' को क्या कहा जाता है ? उदाहरण देकर समझाइए ।

**4.** नीचे लिखे वाक्यों में से ***किन्हीं तीन*** वाक्यों का निर्देशानुसार वाक्य-रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) कठिन परिश्रम करने के बाद वह परीक्षा में उत्तीर्ण हो सका । (संयुक्त वाक्य में)

(ख) सुबह माताजी जल्दी उठीं और सबको जगाया । (सरल वाक्य में)

(ग) बरसात होने पर सूरज छिप जाता है । (मिश्र वाक्य में)

(घ) दोनों कबूतर खिड़की के बाहर पहुँचकर उदास हो बैठ गए । (संयुक्त वाक्य में)

**5.** (क) निम्नलिखित शब्दों में से ***किन्हीं दो*** पदों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

(i) यथासमय

(ii) दुर्भाग्य

(iii) देश-विदेश

(ख) निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** को समस्त-पद में परिवर्तित कर समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

(i) स्वर्ण के आभूषण

(ii) भविष्य की बात कहने वाला

(iii) तीन कोणों का समूह

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : *1×4=4*

(क) विवाह में बहुत अच्छा-अच्छा पकवान बना था ।

(ख) अभी तक आप भोजन नहीं किए हों तो हमारे साथ कर लीजिए ।

(ग) आपको क्या-क्या होना साहब ?

(घ) उसने अपने पंद्रहवें लड़के के जन्मदिन पर बुलाया है ।

(ङ) इस प्रार्थना पत्र पर अपना हस्ताक्षर कर दीजिए ।

**7.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए : *1×2=2*

(क) जब राम ने श्याम से उधार दिए पैसे वापिस माँगे तो उसने ____________ दिया ।

(ख) वे तो सुबह से ही नेताजी की बाट ____________ रहे थे ।

(ग) मेरी सफलता का समाचार सुनकर दादी ____________ रही हैं ।

## खण्ड ग

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) बड़े भाईसाहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थीं ? *2*

(ख) सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की क्या भूमिका थी ? *2*

(ग) निकोबार के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे ? *1*

**अथवा**

प्रकृति में आए असंतुलन का क्या परिणाम हुआ ? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए ।

**9.** तताँरा-वामीरो कथा के दो उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । क्या लेखक उन्हें ठीक से प्रस्तुत कर सका है ? लिखिए । *5*

**अथवा**

'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' के अनुसार शेख अयाज़ के प्रसंग को अपने शब्दों में लिखिए । शेख अयाज़ के पिता के कथन में छिपी भावना को स्पष्ट कीजिए ।

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) कबीर ने ईश्वर के कण-कण में बसे होने की बात कैसे समझाई है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । *2*

(ख) 'मनुष्यता' कविता में कवि ने क्या संदेश दिया है ? अपने शब्दों में लिखिए । *2*

(ग) 'कर चले हम फ़िदा' कविता में दुलहन किसे कहा गया है ? *1*

**अथवा**

'आत्मत्राण' कविता में कवि सहायक के न मिलने पर क्या प्रार्थना करता है ?

**11.** 'आत्मत्राण' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए । *5*

**अथवा**

बिहारी के दोहों के आधार पर ग्रीष्म ऋतु की प्रचंडता और प्रभाव को अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए ।

**12.** हरिहर काका से वस्तुत: उनके परिवार वाले क्या चाहते थे ? बुजुर्गों के प्रति परिवार के लोगों के ऐसे व्यवहार के बारे में अपने विचार व्यक्त कीजिए । *5*

**अथवा**

इफ़्फ़न और टोपी शुक्ला की मित्रता पर टिप्पणी करते हुए लिखिए कि ऐसी मैत्री भारतीय समाज के लिए कैसे प्रेरक हो सकती है ।

## खण्ड घ

**13.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) देश के निर्माण में युवाओं की भूमिका

- देश में बदलाव
- युवा क्या करें
- क्या न करें

(ख) कामकाजी महिला का एक दिन

- दिन का प्रारंभ
- दिन भर की व्यस्तता
- घरेलू मोर्चे पर

(ग) क्यों आवश्यक है सहनशीलता

- सहनशीलता का अर्थ
- कब आवश्यक
- क्यों आवश्यक

**14.** देशव्यापी स्वच्छता अभियान से आपके क्षेत्र में क्या-क्या परिवर्तन दिखाई देते हैं ? किसी पत्र के संपादक को पत्र लिखकर विवरण दीजिए । *5*

**अथवा**

बस में छूट गए आपके कीमती सामान को सुरक्षित रूप से आपको लौटा देने वाले कंडक्टर की प्रशंसा करते हुए परिवहन विभाग के प्रबंधक को पत्र लिखकर उसे पुरस्कृत करने का अनुरोध कीजिए ।

**15.** आप मोहल्ला सुधार समिति के सचिव हैं । मोहल्ले में गणतंत्र-दिवस आयोजन में भाग लेने के इच्छुक बच्चों के लिए 25-30 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

'बाल दिवस' समारोह के अवसर पर विद्यालय में मनाए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के संक्षिप्त विवरण सहित 25-30 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए ।

**16.** किसी विद्यालय द्वारा अचानक फीस बढ़ाए जाने के विषय पर दो अभिभावकों के बीच होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**अथवा**

डेंगू बुखार से पीड़ित मरीज और डॉक्टर के बीच सावधानी बरतने हेतु हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए ।

**17.** गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को नि:शुल्क नृत्य सिखाने के लिए 'नटराज' संस्थान की ओर से अधिक से अधिक बच्चों को प्रवेश लेने हेतु लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

आप अपनी पुरानी बाइक को यथाशीघ्र बेचना चाहते हैं । बाइक का विवरण बताते हुए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।